RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

“खबरों से समझौता नहीं”



पटना, वर्षः 7 , अंकः 124 , बुधवार, 17 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8

9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



छापेमारी अभियान में 8 वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए 03



हरसिद्धि के विभिन्न पंचायतों में आयोजित हुआ सहयोग शिविर, ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं 04

वेदांग रैना की नई फिल्म में आया बड़ा मोड़ नाओमिका सरन के साथ प्रगति... 07

संक्षिप्त समाचार

## तलवार लेकर लोगों पर टूट पड़े सिख यात्री

- मारपीट में कई जख्मी बदरीनाथ यात्रा रुकी

**चमोली (एजेंसी)।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा के बीच बड़ी खबर आई है। मंगलवार सुबह चमोली जिले के कर्णप्रयाग में सिख समुदाय के श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान सिख समुदाय से जुड़े लोगों ने तलवारें निकाल ली और लोगों पर टूट पड़े। जवाब में



स्थानीय लोगों ने हमला किया है। इस घटना में आठ लोग बुरी तरह से घायल हो गए। एक को देहरादून रेफर किया गया है। घटना के बाद लोगों गुस्से में आकर प्रदर्शन किया और साढ़े चार घंटे बदरीनाथ यात्रा ठप रही। इस दौरान कर्णप्रयाग में करीब 15 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। **खूनी संघर्ष में आठ घायल, एक देहरादून रेफर–** मंगलवार को कर्णप्रयाग में सिख तीथ यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच खूनी संघर्ष में आठ लोग घायल हो गए। घायलों को कर्णप्रयाग सहित अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस में अब नेताओं की होगी ‘घर वापसी’

### पहले गहलोत फिर केसी वेणुगोपाल ने भी कह दी वही बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीएमसी में टूट के बाद से ही ऐसी चर्चा है कि क्या ममता बनर्जी की कांग्रेस में वापसी होगी। पश्चिम बंगाल में ममता की हार और फिर दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद चर्चा और तेज हुई। सिर्फ ममता बनर्जी की ही पार्टी नहीं बल्कि शरद पवार की पार्टी को लेकर भी ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं। कांग्रेस से अलग हुए गुटों



के पार्टी में विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एसीसी) ने अपने पुराने सदस्यों को पार्टी में वापस लेने की इच्छा जताई है। एससी के महासचिव (संगठन) और राहुल गांधी के करीबी केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जो कोई भी कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखता है, वह वापस आ सकता है। केसी वेणुगोपाल ने बातचीत में कहा कि जो कोई भी कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखता है, वह आ सकता है। इसमें कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के विलय और घर वापसी से बीजेपी–फासीवादी ताकतों के खिलाफ लड़ाई और मजबूत होगी।

## बीजेपी की हर कॉरिडोर योजना में हुआ घोटाला

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगाया बड़ा आरोप

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार के द्वारा बनाए गए कॉरिडोर और चौड़ीकरण योजनाओं में घपले–घोटाले का आरोप लगाया है। यादव ने मंगलवार को कहा कि ऐसे घपले–घोटालों की न्यायिक जांच की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने एक वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो को लेकर कहा गया है कि अयोध्या में 1940 में बनाए गए एक शिव मंदिर को बाबा का बुलडोजर गिरा रहा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा सरकार के बनाए हर ‘कॉरिडोर’ और ‘चौड़ीकरण’ की योजना के पीछे जो घपला–घोटाला है, उसकी बहुसदस्यीय न्यायिक जांच होनी चाहिए। अखिलेश ने आरोप लगाया, इसमें संलिप्त किसी ट्रस्टी, किसी समिति के सदस्य या किसी प्रशासनिक एवं विकास प्राधिकरण के अधिकारी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इतने बड़े घोटाले इन सभी की मिलीभगत से ही संभव होते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, पिछले कुछ सालों में इन कामों से जो भी जुड़ा रहा है और जिन पदाधिकारियों और अधिकारियों ने मुख्य–मुख्य भूमिका निभाई है, उनकी गैर कानूनी तरीके से कमाई गयी काली संपत्ति व अकूत धन–संपदा की भी जांच हो।



राम मंदिर विवाद

करोड़ों के गहने भी नदारद, ड्राइवर राम शंकर पर गंभीर आरोप

## अब दो किलो की सोने की गदा गायब होने का दावा !

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर के चढ़ावे की राशि में करोड़ों की कथित चोरी की जांच सोमवार से शुरू हुई। एसआईटी जांच के दायरे में वे लोग है जिन पर चढ़ावा राशि गायब करने और साक्ष्य मिटाने के आरोप लगे हैं। आरोप मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के चहेतों पर भी लग रहे हैं, जिनकी माली हालत अचानक कई गुना बढ़ गई है। यह सब एसआईटी की जांच के दायरे में होगा। वहीं, जिम्मेदार पदाधिकारियों से गहराई से पूछताछ हो सकती है। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद ने पूरे मामले पर



चुप्पी साध ली है। इस बीच, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चढ़ावे की राशि के जेवरात भी गायब हैं। इसमें करोड़ों रुपये का सोना-चांदी शामिल है।

### निशाने पर बैंक से जुड़े कर्मचारी

मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने आरोप लगाया है कि बैंक ने जिस एजेंसी के कर्मचारियों को लगाया है, उन्हीं ने चोरी की हैं। ट्रस्ट की निगरानी टीम की लापरवाही भी सामने आ रही है। हालांकि उन पर चोरी का आरोप नहीं है। ऐसे में काउंटिंग टीम में लगे कर्मचारियों से पूछताछ हो सकती है। चढ़ावा राशि की गिनती में करीब 44 कर्मचारी लगे हैं।

- **चंपत राय के पूर्व ड्राइवर पर लगे गंभीर आरोप–** सबसे गंभीर आरोप ट्रस्ट के महसचिव चंपत राय के चहेते पूर्व ड्राइवर राम शंकर यादव पर लगे है। बताया जा रहा है कि राय ने मंदिर व्यवस्था को लेकर उसे खास छूट दे रखी थी। बाहर से आने वाले करोड़पति श्रद्धालुओं से उसने सीधे सपर्क बना रखे है। इतना ही नहीं, अपने खास लोगों को नौकरी दिलवाई और काउंटिंग टीम में जगह दिलवाई। उसकी आर्थिक स्थिति करोड़ों में पहुंच गई। वहीं, टिन्नू पर आठ माह के सीसीटीवी फुटेज डिलीट करने का आरोप है। एसआईटी इस बात की में पड़ताल करेगी कि मंदिर की व्यवस्था में लगे कर्मचारियों ने कैसे कमाई की।
- **ट्रस्ट के जिम्मेदार भी शक के दायरे में–** मंदिर ट्रस्ट के जिम्मेदार भी जांच टीम के शक के दायरे में है। वैसे तो मंदिर ट्रस्ट में कुल 15 सदस्य है, पर वे यहा रहते नहीं और न उनका कोई दखल है। वित्तीय संचालन का अधिकार केवल महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के पास है जिनके संयुक्त हस्ताक्षर से ही भुगतान होता है।

## डॉक्टर के पर्चे के बिना नहीं मिलेगा कोई भी ‘सिरप’

- केंद्र सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन, बढ़ेगी सख्ती



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब आम आदमी डॉक्टर के पर्चे के बिना मेडिकल स्टोर से ‘सिरप’ नहीं खरीद सकेगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इसको लेकर नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, खांसी की सिरप समेत सभी ‘सिरप’ अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी। किसी भी सिरप के लिए अब डॉक्टर से लिखवाना जरूरी होगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब ‘सिरप’ श्रेणी की दवाएं बिना डॉक्टर के पर्चे के नहीं बेची जा सकेंगी। यह बदलाव कानून की धारा 1945 में संशोधन के जरिए किया गया है।

- **खराब क्वालिटी वाले कफ सिरप के बाद निर्णय–** रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम भारत और दूसरे देशों में खराब क्वालिटी वाले कफ सिरप के कई मामलों के सामने आने के बाद उठाया गया है। इनकी वजह से कुछ समय पहले मध्य प्रदेश में बच्चों की मौतें हुईं। मध्य प्रदेश में मामले सामने आने के ठीक बाद पिछले साल नवंबर में ड्रग्स रेगुलेटर की ‘ड्रग कंसल्टेटिव कमिटी’ की बैठक में इस मामले पर चर्चा हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों की समिति ने प्रस्ताव रखा गया कि कफ सिरप के मामले में, शेड्यूल के तहत दी गई छूट को हटा दिया जाए। एजेंसी ने इस मामले पर विचार–विमर्श किया और प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## बारिश में देरी! तेलंगाना में अटका मानसून

- छत्तीसगढ़ में बारिश के लिए 3-4 दिन का समय बाकी
- महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हफ्तेभर करना होगा इंतजार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून तेलंगाना के भद्राचलम में 6 दिन से अटका हुआ है। इस वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है। यहां कई हिस्सों में गर्मी लौट आई है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजी ऑर्गनाइजेशन की हाइड्रोमेट्री टीम के मेंबर डॉ. पंकज कुमार के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 3 से 4 दिन, तो मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री करीब हफ्तेभर बाद हो सकती है। उनका यह भी कहना है कि इस हफ्ते के अंत तक बारिश की





गतिविधियों में सुधार संभव है। मानसून के कमजोर होने की वजह समुद्र में नमी की कमी नहीं, बल्कि ऊपरी वायुमंडल की हवाओं का असामान्य पैटर्न है। इन हवाओं को जेट स्ट्रीम कहते हैं। ये हवाएं इस बार सामान्य से ज्यादा दक्षिण की ओर खिसक गई है, जिससे मानसून की गति प्रभावित हो रही हैं।

**अरब सागर में भी 8 जून से फंसा मानसून–** इधर, अरब सागर से उठ रही मानसूनी हवाएं भी 8 जून से अटकी हुई हैं।

### सैटेलाइट इमेज में गायब दिखे मानसूनी बादल

15 जून की सैटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए। एक दिन पहले, यानी 14 जून को भारत का बड़ा हिस्सा बादलों से ढका दिखाई दिया था। मौसम विभाग के मुताबिक, 4 जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई। यानी बारिश में 64 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई शहरों में सोमवार को तापमान 40 से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा 43.4 उत्तर प्रदेश के बांदा में दर्ज किया गया।

### जेट स्ट्रीम कमजोर होने पर आगे बढ़ेगा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी। अगले 4–5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं। जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली अत्यंत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं।

टीएमसी विवाद

## फैसले से पहले दोनों गुटों का पक्ष सुनेंगे स्पीकर

**कोलकाता/नई दिल्ली (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने लोकसभा में अलग ग्रुप के तौर पर मान्यता देने की मांग की है। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद फैसला करेंगे। एजेंसी के मुताबिक, स्पीकर कार्यालय ने ममता बनर्जी खेमे के सांसदों को भी ईमेल भेजकर बैठक के लिए बुलाया है। दोनों पक्षों से बात करने के बाद ही फैसला होगा। यह फैसला संसद के मानसून सत्र से पहले



आ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, स्पीकर इस मामले में कानून मंत्रालय की राय भी ले सकते हैं। यह राय इसलिए ली जा रही है, ताकि स्पीकर का फैसला अदालत में चुनौती मिलने पर भी कानूनी जांच में टिक सके। रविवार को टीएमसी के 20 बागी सांसदों में से 17 ने स्पीकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने लोकसभा में अलग बैठने की व्यवस्था और अपने गुट के नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में विलय की जानकारी दी थी।

**खुद किसी पार्टी में विलय नहीं कर सकते सांसद –** पूर्व लोकसभा महासचिव और संवैधानिक विशेषज्ञ पीडीटी आचार्य के मुताबिक, संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत केवल कोई राजनीतिक दल ही दूसरे राजनीतिक दल में विलय कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी पार्टी का नेतृत्व विलय का फैसला करता है, तो उसके सांसद-विधायक उसका हिस्सा बन सकते हैं, लेकिन सांसद नहीं कर सकते।

- सात दिनों में शिवसेना यूबीटी में हो सकती है बहुत बड़ी टूट

## 16 एमएलए और 7 सांसद छोड़ेंगे उद्धव का साथ !

**मुंबई (एजेंसी)।** उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) जल्द ही एक बार फिर बड़े विभाजन का सामना कर



सकती है। खबरें हैं कि संसद के मॉनसून सत्र से पहले ही दल के सांसद बगावत कर सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। पार्टी के असंतुष्ट सांसदों की संख्या 7 बताई जा रही है। ये घटनाक्रम तृणमूल कांग्रेस में जारी टूट के बीच हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि 14 से 16 विधायक पार्टी से अलग हो सकते हैं। साथ ही कहा है कि यह टूट आने वाले 6 से 7 दिनों के अंदर हो सकती है। खास बात है कि अगर ऐसा होता है, तो उद्धव गुट में यह दूसरा सबसे बड़ा विभाजन होगा। इधर, शिवसेना के एमपी कृपाल तुमाने ने बड़ी टूट के संकेत दिए हैं। उन्होंने इसे एक ऑपरेशन करार दिया है। साथ ही कहा है कि इसे लेकर काफी दिनों से बैठकों का दौर चल रहा है था। उन्होंने जानकारी दी है कि अब चर्चाओं का दौर कुछ ही समय में पूरा होने वाला है। उनका दावा है कि 7 सांसदों ने पाला बदलने का मन बना लिया है।

## अमेरिका-ईरान में पीस डील पर हुए डिजिटल हस्ताक्षर

- 19 जून को होगी औपचारिक डील, खाका हो गया तैयार

**तेहरान/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका-ईरान समझौता पूरा हो चुका है और इस पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक एक



अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प, जेडी वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ डिजिटल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। हालांकि, समझौते का पूरा मसौदा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि दस्तावेज शुक्रवार के बाद जारी किया जाएगा।

- **ट्रम्प बोले– ईरान शर्तें पूरी करे तभी राहत मिलेगी–** अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि ईरान को प्रतिबंधों से राहत तभी मिलेगी, जब वह समझौते की सभी शर्तों का पालन करेगा। अमेरिका ने फिलहाल किसी भी तत्काल आर्थिक राहत से इनकार किया है। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने कहा कि यह ट्रम्प की डील है और इजराइल इससे बंधा नहीं है। वहीं रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी साफ किया कि लेबनान से सेना नहीं हटेगी।

## लालू ने रखा था पत्थर; मोदी सरकार देगी रफ्तार

- 1852 करोड़ रुपए से बिहार में बनेगी नई रेल लाइन
- 17 साल बाद आगे बढ़ेगी जलालगढ़-किशनगंज रेल लाइन

**किशनगंज (एजेंसी)।** सीमांचल क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र को पूर्वोत्तर भारत से जोड़ने वाली जालालगढ़- किशनगंज नई रेल लाइन बिछने की उम्मीद फिर से जगी है। साल 2008-09 में स्वीकृत हुई यह परियोजना तकनीकी और बजटीय कारणों से करीब 17 वर्षों से ठप पड़ी थी, लेकिन अब इसे फिर से गति दिया जा रहा है। रेलवे बोर्ड और उत्तर पूर्वी सीमांत रेलवे इसकी संशोधित लागत का अंतिम मूल्यांकन कर रही हैं। तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2008-09 में इस परियोजना का शिलान्यास किया था। उस समय इसकी अनुमानित लागत 360 करोड़ रुपए थी। करीब 17 सालों में भूमि अधिग्रहण और निर्माण लागत में वृद्धि के कारण अब परियोजना की लागत बढ़कर लगभग 1852 करोड़ रुपये के



करीब हो गई है। प्रस्तावित रेल लाइन की कुल लंबाई 51.632 किलोमीटर होगी। यह रेल मार्ग पूर्णिया के जलालगढ़ जंक्शन से शुरू होकर अमौर, बैसा, रौटा, खाताहाट, महीनगांव, दौला जैसे क्षेत्रों से गुजरेगा और किशनगंज मुख्यालय तक पहुंचेगा। इस पूरे खंड में यात्रियों की सुविधा के लिए आठ नए रेलवे स्टेशन बनाने की योजना है।

**यात्री और मालगाड़ियों के परिचालन में होगा सुधार–** रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद न्यू जलपाईगुड़ी से कटिहार जाने वाली ट्रेनों के लिए एक वैकल्पिक और अपेक्षाकृत छोटा मार्ग उपलब्ध होगा। इससे वर्तमान में अत्यधिक व्यस्त मुकुरिया-किशनगंज रेलखंड पर ट्रेनों का दबाव कम होगा।

### सुरक्षा की दृष्टि से वैकल्पिक रेल वे रूट बनेगा

इस नए रेल खंड के निर्माण से जहां सुरक्षा की दृष्टि से वैकल्पिक रेलवे रूट बनेगा, वहीं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र को रेलवे कनेक्टिविटी सुविधा मिल जाएगी। दरअसल, तत्कालीन किशनगंज सांसद मरहूम तस्लीमुद्दीन के पहल से तत्कालीन यूपीए सरकार के समय इस परियोजना को हरी झंडी मिली थी, लेकिन तत्कालीन रेल मंत्री के शिलान्यास के कुछ दिनों के बाद इस परियोजना में ग्रहण लग गया था और 17 साल तक इस परियोजना पर काम शुरू नहीं हो पाया। वहीं, अब केंद्र सरकार ने परियोजना को रिवाइज कर राशि देने की घोषणा की है।

## नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर लगी रोक

### 21 को परीक्षा, 22 जून तक एप काम नहीं करेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69 के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे।





एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

संक्षिप्त समाचार

## ट्रक खरीद में युवक से लाखों की ठगी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**तुरकौलिया**। थाना क्षेत्र के बेलवाराय पंचायत निवासी एक युवक ने उत्तर प्रदेश के एक ट्रक मालिक पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित ने तुरकौलिया थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित मोहम्मद कादिर आलम ने अपने आवेदन में बताया है कि उसने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के बलिदान डीह निवासी राजेंद्र कुमार से एक ट्रक खरीदा था। ट्रक की खरीद-बिक्री के लिए 9 लाख 12 हजार रुपये का सेल लेटर तैयार किया गया था। सौदे के तहत उसने 2 लाख 88 हजार रुपये नकद तथा एक लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से जून 2023 में भुगतान किया था। आवेदन के अनुसार, ट्रक खरीदने के समय आरोपी ने बताया था कि वाहन फाइनेंस पर है और फाइनेंस की पूरी राशि जमा होने के बाद ट्रक उसके नाम ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इस भरोसे पर पीड़ित ने अपने खाते से वाहन की किस्तों का भुगतान जारी रखा और करीब 11 लाख रुपये जमा कर दिए। पीड़ित का आरोप है कि अंतिम किस्त जमा करने के बाद जब वह वाहन का एनओसी लेने और ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए ट्रक मालिक के पास गया तो आरोपी ने चार लाख रुपये अतिरिक्त देने की मांग की। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से वाहन ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया और यह कहने लगा कि उसने ट्रक बेचा ही नहीं था, बल्कि केवल चलाने के लिए दिया था। मोहम्मद कादिर आलम ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने सेल लेटर बनाकर ट्रक बेचने के नाम पर उससे रुपये ले लिए, लेकिन अब न तो वाहन उसके नाम ट्रांसफर कर रहा है और न ही उसका पैसा लौटा रहा है। इतना ही नहीं, फोन पर संपर्क करने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा सभी बिंदुओं की जांच करते हुए अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## घर के दरवाजे से ग्लेमर बाइक चोरी, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

**तुरकौलिया**। थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर के दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। घटना को लेकर पीड़ित युवक ने तुरकौलिया थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार परशुरामपुर निवासी राकेश कुमार सोमवार की देर शाम अपनी ग्लेमर बाइक से घर पहुंचे थे। उन्होंने बाइक को घर के दरवाजे पर खड़ा किया और भोजन करने के बाद रात करीब 11 बजे सोने चले गए। मंगलवार की सुबह जब उनकी नींद खुली तो दरवाजे पर खड़ी बाइक गायब थी। इसके बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिल सका। तब उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पीड़ित ने अपने आवेदन में अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी किए जाने की आशंका जताई है और वाहन बरामदगी की मांग की है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में छानबीन कर रही है तथा बाइक चोरी की घटना में शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 397.5 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले के डुमरियाघाट थाना पुलिस ने शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 397.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस को मद्य निषेध टीम, पटना से गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक कंटेनर के माध्यम से बड़ी मात्रा में शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर डुमरियाघाट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पहल चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध कंटेनर को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में कंटेनर के केबिन में छिपाकर रखी गई 397.5 लीटर रॉयल स्टैग विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से शराब तस्करी में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान राम कुमार, पिता प्रेमचंद एवं आदित्य, पिता प्रमोद कुमार, दोनों निवासी महादेवपुरवा, थाना इंदरगढ़, जिला कन्नौज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद शराब और कंटेनर को जब्त कर लिया है। दोनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राज्य में शराब तस्करी के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को 3-3 वर्ष की सजा, न्यायालय ने सुनाया फैसला

**मोतिहारी**। अवैध हथियार रखने के मामले में त्वरित विचारण के तहत मोतिहारी न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और न्यायालय में समर्पित चार्जशीट के आधार पर सुनाया गया। न्यायालय एसीजेएम-04, मोतिहारी ने कल्याणपुर थाना कांड संख्या-112/24 से संबंधित आर्म्स एक्ट मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त असलम अली, पिता नसरे आलम, निवासी मेघूआ जिरात, थाना कल्याणपुर, जिला पूर्वी चम्पारण को दोषी पाया। न्यायालय ने अभियुक्त को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-B)(a) के तहत तीन वर्ष के कारावास तथा धारा 26 आर्म्स एक्ट के तहत भी तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त न्यायालय द्वारा निर्धारित जुर्माना भी लगाया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार दोनों सजाओं के संचालन संबंधी अन्य शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन पदाधिकारी राजीव कुमार द्विवेदी ने प्रभावी पैरवी की। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, दस्तावेजों एवं गवाहों के आधार पर अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में सफल रहा, जिसके बाद न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध करार दिया। पुलिस अभिलेखों के अनुसार दोषसिद्ध अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके विरुद्ध पूर्व से चार अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि त्वरित विचारण के माध्यम से अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने की प्रक्रिया कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अवैध हथियार रखने एवं उससे जुड़े अपराधों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## पिता के खिलाफ मां ने दर्ज कराई रेप की शिकायत

**हाजीपुर**। हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर 14 वर्षीय नाबालिग बेटी से दुष्कर्म और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सदर थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी शादी 13 नवंबर 2006 को हुई थी। महिला का आरोप है कि उनके पति ने 8 जून 2025 और 5 सितंबर 2025 को उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। महिला ने यह भी बताया कि जब उन्होंने 8 जून 2025 को इस घटना के बारे में अपने पति को बताया, तो 8 जून 2026 को पति ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। आरोपी ने उनकी ब्यूटी पार्लर की दुकान की चाबी भी छीन ली। महिला ने आरोप लगाया है कि उनका पति उन्हें और बेटी को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पति पर पहले से दो मुकदमे (धारा 307 और 302) दर्ज हैं और वह जेल भी जा चुका है। पीड़िता की मां ने पुलिस से मांग की है कि उनकी बेटी नाबालिग है, इसलिए इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने दोषी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने और उन्हें व उनकी बेटी को उचित सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है। सदर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि महिला की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दो बदमाशों ने बंदूक दिखाकर युवती से चेन छीना, 1 गिरफ्तार

एजेंसी, पटना



**बोला- लूटपाट के बाद दिल्ली-कोलकाता में पार्टी करते थे**

10 जून 2026 को पटना में सरेआम एक युवती के साथ दो बदमाशों ने लूटपाट की। बदमाशों ने उसके गले का चेन छीन लिया। इस घटना का CCTV भी सामने आया है। घटना कंकड़बाग के RMS कॉलोनी की है। घटना के एक हफ्ते बाद पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। दूसरा अभी भी फरार है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सागर है। आरोपी के मुताबिक, उसका दूसरा साथी झारखंड के सीमावर्ती इलाके या कोलकाता में छिपा है। पूछताछ में सागर ने बताया कि लूटपाट करने के बाद सभी साथी मस्ती और पार्टी करने के लिए दिल्ली, कोलकाता और दूसरे शहर भाग जाता था। पार्टी और मौज मस्ती के लिए वह लूटपाट करता था।

पिछले बुधवार को 25 साल की आरोपी सिंह सुबह 5:32 बजे RMS कॉलोनी के रास्ते जिम जा रही थी। वैधम हॉस्पिटल के पास वो पहुंची ही थी कि पीछे से बाइक सवार दो बदमाश उसके पास पहुंचे। उनके हाथ में पिस्टल भी था। उनलोगों ने हथियार दिखाकर आरोपी के गले से सोने की चेन छीन ली। वारदात का CCTV फुटेज भी आया है। जिसमें दोनों बदमाश दिख रहे हैं। एक ने हेलेमट पहना था दूसरे ने चेहरा ढंक कर रखा था। सफेद शर्ट में एक युवक ने झपट्टा मारकर आरोही के गले से सोने की चेन छीन ली। तबतक आरोही ने एक बदमाश को पकड़ लिया। खुद को घिरता देख बदमाश ने युवती पर पिस्टल तान दी और बदमाश वहां से फरार हो गए।

**एक गिरफ्तार, दूसरे को पुलिस कर रही तलाशः** कंकड़बाग थानेदार अभय कुमार सिंह ने बताया, 'लूट में शामिल एक आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान कदमकुंआ इलाके के सागर राम के तौर पर हुई है। फिलहाल इसकी निशानदेही पर दूसरी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रेड जारी है। चेन रिकवरी की भी कोशिश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, सागर का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। बाइक चोरी, स्नैचिंग, फ्लैट में चोरी इसके लिए आम बात है। हाल के दिनों में रूपसपुर के एक अपार्टमेंट के तीन फ्लैट में चोरी हुई थी। इसमें भी इसकी संलिप्त सामने आई है। अभय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी और उसके साथी पार्टी के शौकिन हैं। लूटपाट करने के बाद सभी दिल्ली या दूसरे शहरों में घुमने और पार्टी करने निकल जाते थे।

## 24 जिलों में बारिश का अलर्ट, अगले 3-4 दिनों में मौसम में बदलाव की संभावना नहीं

एजेंसी, पटना



बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून की एंट्री हो चुकी है, लेकिन प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप से लोग परेशान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें 14 जिलों में ऑरेंज और 10 में यलो अलर्ट हैं। इन जिलों में 50kmph की रफ्तार से हवा चल सकती है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सुपौल में बारिश हुई। शेखपुरा, पटना का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अगले तीन से चार दिनों तक अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

**मानसून आने के बाद भी क्यों पड़ रही गर्मीः** मानसून बिहार में पहुंच चुका है, तो फिर इतनी गर्मी और तेज धूप क्यों निकल रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून की एंट्री का मतलब यह नहीं होता कि पूरे राज्य में एक साथ लगातार बारिश शुरू हो जाएगी। मानसूनी बादलों की सक्रियता अलग-अलग क्षेत्रों में अलग समय पर होती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि फिलहाल बिहार के कई हिस्सों में बादलों और धूप का मिश्रित असर देखने को मिल रहा है। जहां बारिश नहीं हो रही है, वहां सूर्य की तेज किरणें और हवा में नमी बढ़ने से उमस अधिक महसूस होती है। यही कारण है कि लोगों को सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा गर्मी महसूस हो रही है।

**पटना में उमस भरी गर्मी से लोग होंगे परेशानः** पटना में मंगलवार को हल्का बादल छाए रहने की संभावना है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हो सकती है. हालांकि दिन में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहेंगे। अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में बिहार के उत्तरी और पूर्वी जिलों में बारिश की संभावना अधिक है। कई इलाकों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। वहीं दक्षिणी और मध्य बिहार के कुछ हिस्सों में तापमान सामान्य से ऊपर बना रह सकता है।

# ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंटा, मंदिर की दीवार भी टूटी

एजेंसी, पटना



**रास्ते से गुजर रहा स्कूटी सवार बाल-बाल बचा**

पटना के दानापुर में सोमवार रात एक्सीडेंट हुआ था। बालू लदे ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी थी। ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया था। अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित एक मंदिर की दीवार से टकरा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह हादसा रात करीब डेढ़ बजे हुआ। बताया जा रहा है कि बालू लदा ट्रक तेज गति से दीघा की ओर जा रहा था। इसी दौरान दीघा से दानापुर की ओर आ रहे ट्रैक्टर से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक, ट्रैक्टर चालक और उस पर सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। इस दौरान वहां से गुजर रहा एक स्कूटी सवार व्यक्ति बाल-बाल बच गया। घटना दानापुर थाना क्षेत्र की है।

**नो एंट्री खुलते ही ट्रक तेज रफ्तार से चलते हैंः** स्थानीय निवासी अर्जुन पासवान ने बताया कि देर रात तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले। उन्होंने देखा कि मंदिर की दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और ट्रक अंदर घुसा हुआ था। सड़क पर ट्रैक्टर के टूटे हुए हिस्से बिखरे पड़े थे। अर्जुन पासवान ने आरोप लगाया कि रात में 'नो-एंट्री' खुलने के बाद इस मार्ग पर बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर बेलगाम चलते हैं। बालू खनन बंद होने के बावजूद रात के समय बड़ी संख्या में बालू लदे वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे आम लोगों के लिए सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। सूचना मिलने पर दानापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ट्रैफिक थाना को दी गई। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच ट्रैफिक थाना की पुलिस कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# बाढ़ में 2 हजार रुपए के लिए चली गोली दलाल ने पैसे लेकर ट्रेन टिकट नहीं दिया

एजेंसी, पटना

बाढ़ में 2 हजार रुपए के लिए गोली चल गई। 5 अपराधी आए थे, फायरिंग के बाद वे फरार हो गए। दरअसल, 2 महीने पहले प्रमोद कुमार ने वृंदावन जाने के लिए आरोपी रमन कुमार ट्रेन टिकट बनाने के लिए 2 हजार रुपए दिए थे। रमन ट्रेन टिकट की दलाली करता है। रमन ने न तो टिकट दिए और न ही रुपए लौटाए। 2 महीने से वो टालमटोल कर रहा था। सोमवार रात करीब 10 हजे इसी विवाद में कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि रमन ने अपने साथियों को बुलाया लिया और फायरिंग की। घटना वैष्णो धाम मंदिर के पास हुई है।

**पुलिस ने एक खोखा बरामद कियाः** सोमवार रात जब रमन प्रमोद के घर के पास पुहंचा तो प्रमोद ने उससे पैसे की मांग की। रमन पैसे लौटाने को लेकर तैयार नहीं था, जिसके कारण दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद रमन वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद वह अपने चार-पांच दोस्तों के साथ वापस आया। उनके हाथ में पिस्टल थी, जिसे लहराते हुए उन्होंने प्रमोद पर तान दी। अपराधियों ने प्रमोद के साथ गाली-गलौज की और एक राउंड फायरिंग की। घटना में 2 युवक पिस्टल लिए हुए थे, जबकि दो-तीन अन्य उनके साथ थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया। यह घटना थाना से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर पुरानी बाजार इलाके में हुई है।



**मांगने पर पीड़ित पर तान दी पिस्टल**

**बिजली कटी थी, लोग घर के बाहर थेः** स्थानीय महिलाओं ने बताया कि फायरिंग करने वाले युवक गाली-गलौज कर रहे थे और हमें इशारे में घर जाने को कहा। जैसे ही महिलाएं पीछे मुड़कर जाने लगीं, अपराधियों ने फायरिंग कर दी। सभी अपराधी सफेद कपड़े पहने हुए थे। महिलाओं ने यह भी बताया कि घटना स्थल पर बच्चे और बुजुर्ग सभी मौजूद थे, गोली किसी को भी लग सकती थी। उस समय बिजली कटी हुई थी, जिसके कारण सभी लोग घरों से बाहर बैठे हुए थे।

# हरी खाद ढैंचा से बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरा शक्ति, धान और गन्ने की खेती में मिलेगा अधिक लाभः डॉ. आशीष राय

बीएनएम@ मोतिहारी

बढ़ती रासायनिक उर्वरकों की कीमतों और मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति के बीच हरी खाद के रूप में ढैंचा किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बनकर उभर रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) परसौनी के मृदा विशेषज्ञ डॉ. आशीष राय ने किसानों को ढैंचा आधारित फसल चक्र अपनाने की सलाह देते हुए बताया कि इससे खेती की लागत कम और उत्पादन अधिक किया जा सकता है। भटोली पहाड़पुर के प्रगतिशील किसान प्रजोत कुमार धनंजय ने डॉ. राय के मार्गदर्शन में छह एकड़ भूमि में ढैंचा की खेती की है। वे खरीफ सीजन में धान की रोपाई से पहले ढैंचा को हरी खाद के रूप में मिट्टी में मिलाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद रबी मौसम में उसी खेत में गन्ने की खेती करने की योजना है।

**ढैंचा से मिट्टी को मिलता है प्राकृतिक पोषण**- डॉ. आशीष राय ने बताया कि ढैंचा एक फलीदार फसल है, जिसकी जड़ें वातावरण से नाइट्रोजन ग्रहण कर मिट्टी में संचित करती हैं। धान की रोपाई से लगभग 45 से 50 दिन पहले इसकी बुआई की जाती है और फूल आने से पहले इसे खेत में पलट दिया जाता है। सड़ने के बाद यह मिट्टी में जैविक कार्बन और नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार होता है। उन्होंने बताया कि ढैंचा के उपयोग से यूरिया और डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता 40 से 50 प्रतिशत तक कम की जा सकती है। साथ ही यह ऊसर, लवणीय एवं क्षारीय भूमि को भी सुधारने में सहायक है तथा मिट्टी की जल धारण क्षमता को बढ़ाता है।

**धान की फसल को मिलते हैं अनेक लाभ**- हरी खाद के रूप में ढैंचा के उपयोग से धान के पौधों का विकास बेहतर होता है। पौधों में अधिक कल्ले निकलते हैं और फसल अधिक हरी-भरी रहती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे खेतों में उत्पादित चावल की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा उसमें पोषक तत्वों की मात्रा भी अधिक पाई जाती है। इसके अलावा मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ने से पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।

**गन्ने की खेती में भी मिलता है लाभ**- धान की कटाई के बाद जब उसी खेत में गन्ने की खेती की जाती है, तो ढैंचा का सकारात्मक प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। मिट्टी में बढ़ा हुआ ह्यूमस गन्ने जैसी अधिक पोषण मांगने वाली फसल के लिए लाभदायक साबित होता है। इससे गन्ने की लंबाई और मोटाई बेहतर होती है तथा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जाती है।

**ढैंचा को हरी खाद बनाने के दौरान रखें ये सावधानियां**- कृषि वैज्ञानिक डॉ. अंशू गंगवार ने बताया कि ढैंचा को हरी खाद के रूप में उपयोग करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ढैंचा को 45 से 50 दिन की अवस्था में, फूल आने से पहले ही खेत में पलट देना चाहिए। अधिक देर होने पर पौधे का तना कठोर हो जाता है और उसके सड़ने में अधिक समय लगता है। खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखना भी जरूरी है। ढैंचा पलटने के बाद हल्का पानी देने से यह 10 से 15 दिनों में पूरी तरह सड़कर जैविक खाद में परिवर्तित हो जाता है। साथ ही ढैंचा को मिट्टी में मिलाने के तुरंत बाद धान की रोपाई नहीं करनी चाहिए। कम से कम 10 से 12 दिन का अंतर देना आवश्यक है, ताकि सड़ने की प्रक्रिया पूरी हो सके।

**संतुलित उर्वरक प्रयोग पर जोर**- विशेषज्ञों ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि ढैंचा के प्रयोग के बाद नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों की मात्रा में 40 से 50 प्रतिशत तक कमी की जा सकती है। आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग फसल को नुकसान पहुंचा सकता है और कीटों का प्रकोप बढ़ा सकता है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि ढैंचा आधारित फसल चक्र न केवल मिट्टी की सेहत सुधारने में सहायक है, बल्कि धान और गन्ने जैसी प्रमुख फसलों के उत्पादन को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे किसानों की लागत घटेगी और आय में वृद्धि होगी।

## 10 सर्कुलर रोड खाली करने के नोटिस का टाइम पूरा

**पटना**। पूर्व मुख्यमंत्री और बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने सरकारी आवास खाली करने के लिए सरकार से एक महीने का अतिरिक्त समय मांगा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लेटर लिखा है। जानकारी के अनुसार, 39 हार्डिंग रोड स्थित जो सरकारी आवास उन्हें आवंटित किया गया है, उसमें अभी कुछ काम बाकी है। उन्होंने लेटर के जरिए बताया कि आवास के किचन, हॉल समेत कुछ अन्य हिस्सों में काम पूरा नहीं हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बचा हुआ काम पूरा होने के बाद वे नए आवास में शिफ्ट हो जाएंगी। लेटर में उन्होंने लालू की सेहत का भी हवाला दिया है। इसी कारण उन्होंने वर्तमान आवास खाली करने के लिए एक महीने का समय मांगा है। बिहार सरकार ने राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड बंगला खाली करने का आदेश दिया है।

# पटना में बिहार के पहले 'स्पेस क्लब' की होगी स्थापना

एजेंसी, पटना



पटना में बिहार के पहले स्पेस क्लब की स्थापना होगी। आर्यभट्ट ज्ञान यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी में "आर्यभट्ट स्पेस क्लब" स्थापित की जाएगी। इस क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान, सैटेलाइट टेक्नोलॉजी, स्पेस डेटा एनालिटिक्स और उभरती अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी के प्रति रुचि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस क्लब के माध्यम से विशेषज्ञ व्याख्यान, वर्कशॉप, ट्रेनिंग कार्यक्रम, आदि चीजें संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट स्पेस क्लब विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष गतिविधियों से जोड़ने के साथ-साथ इनोवेशन, रिसर्च और कौशल विकास के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। यह पहल बिहार और पूर्वी भारत के युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए अवसरों के लिए प्रेरित करेगी। इसकी घोषणा कुलपति ने दिल्ली में आयोजित इंडिया स्पेस कांग्रेस सम्मेलन 2026 में की। कुलपति ने कहा कि इंडिया स्पेस कांग्रेस 2026 में प्राप्त अनुभव, विशेषज्ञों के विचार तथा उद्योग जगत के साथ स्थापित संपर्क विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एस्ट्रोनॉमी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत में खगोल विज्ञान शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का एक उत्कृष्ट केंद्र विकसित करना है।

# पटना नगर निगम के 37% वाहन जर्जर, मल्टी लेवल पार्किंग के दूसरे फ्लोर पर पड़ी हैं गाड़ियां

एजेंसी, पटना

पटना में अभी स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है। पटना नगर निगम दावा कर रही है कि हर दिन 75 वार्डों में नियमित कचरे का उठाव हो रहा है, लेकिन कचरा उठाव व्यवस्था चरमराई हुई है। लंबे समय से नये वाहनों की खरीद न होने के कारण निगम के कुल 523 वाहनों में से केवल 327 ही चलने लायक बचे हैं, जबकि लगभग 37 प्रतिशत वाहन जर्जर हो चुके हैं। जंक्शन स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के दूसरे फ्लोर पर लाइन से अधिकतर जर्जर वाहन रखा हुआ है। किसी की हेडलाइट फूटी हुई है, तो किसी का शीशा टूटा हुआ है।



**खराबः** पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों में औसतन हर पांच में से दो कचरा वाहन खराब पड़े हैं। शहर को कचरा उठाव के लिए 375 सेक्टरों में बांटा गया है, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। साल 2025 के सितंबर में मिशन विश्वकर्मा के तहत और इस साल स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर वाहनों की मरम्मत तो करायी गयी, लेकिन स्थिति जस की तस है।

**75 वार्डों में औसतन हर पांच में से दो कचरा वाहन**

**वार्ड 48 में ई-रिक्शा खराब होने की शिकायतः** वार्ड 48 के पार्षद इंद्रदीप चंद्रवंशी ने भी अपने वार्ड में ई-रिक्शा खराब होने की शिकायत की है। वार्ड 44 के पार्षद आशीष चंद्र ने बताया कि उनके वार्ड के दो सेक्टरों में वाहन खराब हैं। वर्तमान में वार्डों के सेक्टर का निर्धारण साल 2011 की जनसंख्या के आधार पर चल रहा है, जबकि अब तक आबादी में करीब 50.45% की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस बढ़े हुए लोड के कारण मौजूदा संसाधनों पर दबाव बढ़ गया है।

**टूटी बॉडी वाली गाड़ियों से सड़कों पर कचरा गिरता रहताः** हाल ही में निगम बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया कि पांच में से दो जोन में कचरा उठाव पूरी तरह ठप है। वर्तमान में नूतन राजधानी और पाटलिपुत्र अंचल को 80-80 सेक्टरों में, अजीमाबाद और बांकीपुर को 60-60, कंकड़बाग को 55 और पटना सिटी अंचल को 40 सेक्टरों में बांटकर गाड़ियां तैनात की गयी हैं। बिना नंबर प्लेट और टूटी बॉडी वाली इन गाड़ियों से सड़कों पर कचरा गिरता रहता है, जिससे हर तरफ गंदगी फैल रही है। परिवहन विभाग की ओर से सर्वे में भी 152 कचरा वाहन को कंडम घोषित कर दिया गया है। इसकी बिक्री भी नहीं हो सकी है। हालांकि, 82 करोड़ रुपये में बेचने के लिए टेंडर निकाला गया था, पर किसी ने रुचि नहीं दिखाई।

# जमाबंदी का लॉक खोलने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत लेते डाटा एंट्री ऑपरेटर गिरफ्तार

**बीएनएम@ बेतिया।**

भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार को एक बड़ी सफलता मिली है। ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने मंगलवार को अंचल कार्यालय, बेतिया में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर राज कुमार मिश्र को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, पश्चिम चम्पारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवत पससाइन निवासी बालेश्वर कुमार ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अंचल कार्यालय में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर राज कुमार मिश्र जमाबंदी का लॉक खोलने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहे हैं।



शिकायत प्राप्त होने के बाद निगरानी ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया। जांच के दौरान रिश्वत मांगने के आरोप की पुष्टि होने पर निगरानी थाना कांड संख्या 073/26, दिनांक 15 जून 2026 दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में विशेष धावा दल का गठन किया गया।

पूर्व निर्धारित योजना के तहत मंगलवार को निगरानी टीम ने अंचल कार्यालय, बेतिया में छापेमारी की और राज कुमार मिश्र को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को माननीय विशेष न्यायालय, निगरानी, मुजफ्फरपुर में पेश किया जाएगा। मामले में आगे की अनुसंधानात्मक कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# छापेमारी अभियान में 8 वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**बीएनएम@ हरसिद्धि।**

थाना क्षेत्र में लंबित वारंटों के निष्पादन को लेकर चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने कुल आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों में बेरियाडीह निवासी संदेश चौधरी पिता मदन चौधरी, मठ लोहियार निवासी रुकट राम, बदरी राम पिता स्वर्गीय खेदन राम तथा लालू राम पिता बिहारी राम, पानापुर मलाही टोला निवासी भोला सहनी पिता स्वर्गीय बैंगा सहनी एवं जगरनाथ सहनी पिता स्वर्गीय मूलचन सहनी, जबकि पकड़िया निवासी राम इकबाल महतो पिता स्वर्गीय शिवधारी महतो तथा उनकी पत्नी सविता देवी शामिल हैं।



प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन हेतु थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान सभी आठ वारंटियों को उनके-अपने ठिकानों से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि फरार अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गिरफ्तार सभी वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चकिया में दो नए पुलिस चेक पोस्ट का उद्घाटन, चौबीसों घंटे रहेगी पुलिस की निगरानी

**बीएनएम@मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी ने चकिया थाना क्षेत्र के पूरनछपरा तथा चकिया बाजार स्थित सोनारपट्टी में नवस्थापित दो पुलिस चेक पोस्टों का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दोनों चेक पोस्टों पर चौबीसों घंटे पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की तैनाती की गई है। इन चेक पोस्टों के माध्यम से क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच की जाएगी, जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और किसी भी आपराधिक गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि बढ़ती सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन चेक पोस्टों की स्थापना की गई है। इससे न केवल अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। पुलिस प्रशासन का मानना है कि नए चेक पोस्ट शुरू होने से आम लोगों में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। साथ ही क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा अपराधों की रोकथाम में यह पहल काफी कारगर साबित होगी। उद्घाटन के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### वाहन जांच में चोरी की दो बाइक बरामद, दो विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के हरपुर थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे नियमित वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जांच के क्रम में चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जबकि उनके साथ पाए गए दो विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान दो संदिग्ध मोटरसाइकिलों को रोककर उनकी एचएचडी (HHD) मशीन से जांच की गई। जांच में दोनों वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर और चेचिस नंबर में विसंगति पाई गई। इसके बाद किए गए गहन सत्यापन में दोनों मोटरसाइकिलें चोरी की निकलीं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों चोरी की मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया तथा उनके साथ मौजूद दो विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर लिया। मामले में किशोर न्याय अधिनियम के तहत निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। हरपुर थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में वाहन चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस चोरी के वाहनों के स्रोत और इससे जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी जांच कर रही है।

### चोरी की बाइक के पार्ट्स बेचने की तैयारी में दो गिरफ्तार, घोड़ासहन पुलिस ने बरामद की चोरी की मोटरसाइकिल

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले की घोड़ासहन थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है, जिसे खोलकर उसके पार्ट्स बेचने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि घोड़ासहन थाना क्षेत्र के गोविन्दगंज गांव में कुछ लोग चोरी की मोटरसाइकिल के पुर्जे अलग कर बेचने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद की। बाइक की जांच एचएचडी मशीन से की गई, जिसमें चेसिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर में अंतर पाया गया। तकनीकी जांच के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी की होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मो. ओसामा, पिता मो. शक्रुदीन, निवासी विजयी, थाना घोड़ासहन तथा राजा हुसैन, पिता अब्दुल रहीम मियां, निवासी गोविन्दपुर, थाना जितना, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की मोटरसाइकिलों के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा चोरी की अन्य गाड़ियों का भी इस गिरोह से संबंध है या नहीं। घोड़ासहन थाना पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए जांच जारी है।

### नेपाल सीमा से 76.6 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, पुलिस-एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई

**बीएनएम@ मोतिहारी।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पूर्वी चम्पारण पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। झरोखर थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में 76.6 किलोग्राम गांजा जैसे मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, 16 जून 2026 को झरोखर थाना क्षेत्र में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि नेपाल से भारत की ओर मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद झरोखर थाना पुलिस एवं एसएसबी एफ समवाय अठमुहान की संयुक्त टीम ने ग्राम बरौखर सैनिक रोड में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच जूट के बोरों में छिपाकर रखे गए 76.6 किलोग्राम गांजा जैसे मादक पदार्थ को बरामद किया। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी पहचान बच्चा महतो, पिता सुखराम महतो, निवासी पुरैना, थाना डुमरियाघाट, जिला पूर्वी चम्पारण के रूप में हुई है। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए भी छानबीन में जुटी हुई है। इस कार्रवाई में पर्यवेक्षी पदाधिकारी सह पुलिस निरीक्षक धनंजय कुमार निर्दोष, झरोखर थानाध्यक्ष मो. असलम अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार, झरोखर थाना के सशस्त्र बल तथा एसएसबी एफ समवाय अठमुहान के सहायक उप निरीक्षक हरिन्द्र यादव एवं अन्य जवान शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस एवं एसएसबी द्वारा लगातार संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। हाल की यह कार्रवाई सीमा पार से होने वाली अवैध तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि, अरेराज धाम के विकास पर हुई चर्चा

**बीएनएम@ अरेराज।**

श्री सोमेश्वरनाथ धाम अरेराज मठ मंदिर के पीठाधीश्वर एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि महाराज ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर अरेराज धाम के विकास, निर्माणाधीन विष्णु मंदिर तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

मुलाकात के दौरान अरेराज में निर्माणाधीन भव्य भगवान विष्णु मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। स्वामी रविशंकर गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया तथा भगवान विष्णु की विशाल प्रतिमा की स्थापना, आगामी धार्मिक अनुष्ठानों और श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तावित सुविधाओं के विस्तार की योजनाओं की जानकारी दी।

बैठक में मंदिर परिसर एवं उसके आसपास सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पार्किंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर भी चर्चा हुई। साथ ही अरेराज धाम को बिहार के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में शामिल करने की दिशा में आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। स्वामी जी ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार से सहयोग का आग्रह किया।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वामी रविशंकर गिरि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अरेराज धाम के विकास तथा निर्माणाधीन विष्णु मंदिर से जुड़ी योजनाओं को हरसंभव सरकारी सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

इस मुलाकात के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि सरकार और मठ प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से अरेराज धाम के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और भविष्य में यह स्थल देशभर के श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आस्था केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

# खरीफ महाअभियान में उमड़ी किसानों की भीड़, आधुनिक खेती का मिला प्रशिक्षण

**बीएनएम@ बनकटवा/मोतिहारी।**

प्रखंड मुख्यालय बनकटवा में खरीफ महाअभियान 2026 के तहत प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद बड़ी संख्या में किसान कार्यक्रम में शामिल हुए और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

प्रखंड कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को धान, मक्का सहित खरीफ फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर किसान कम लागत में



अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं तथा अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनका समाधान कृषि विशेषज्ञों एवं किसान सलाहकारों द्वारा किया गया। साथ ही किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं एवं अनुदान कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला पार्षद लाल बाबू यादव, ध्रुप प्रसाद, राजू भगत, ज्योति नारायण चौधरी, उमाकांत प्रसाद, शंभू चौधरी, कौशल ठाकुर, धनंजय कुमार एवं चंद्रभान मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार और किसान उपस्थित रहे।

# सहयोग शिविर बना खानापूर्ति का मंच, फरियादी रहे परेशान

**घोड़ासहन में 'सहयोग शिविर' पर उठे सवालः समय से पहले लौटे अधिकारी, उमस भरी गर्मी में घंटों इंतजार करते रहे फरियादी**

**बीएनएम@ मोतिहारी/घोड़ासहन।**

आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित 'सहयोग शिविर' घोड़ासहन में विवादों के घेरे में आ गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि शिविर महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया, जबकि दूर-दराज से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे लोग निराश होकर लौटने को मजबूर हुए।

मंगलवार को घोड़ासहन उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायत भवन में आयोजित शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था। शिविर में अंचलाधिकारी (सीओ), डीसीएलआर, पीएचईडी, थाना, बिजली विभाग सहित कई विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी तय थी। लेकिन फरियादियों का आरोप है कि अधिकांश अधिकारी थोड़ी देर के लिए पहुंचे और जल्द ही वापस लौट गए, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रचार-प्रसार की कमी के कारण




अपेक्षाकृत कम लोग पहुंचे भी थे, तब भी मौजूद लोगों की शिकायतों का निस्तारण करना प्रशासन की जिम्मेदारी थी। निर्धारित समय तक अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए थी, ताकि जनता को शिविर का वास्तविक लाभ मिल पाता।

शिविर की व्यवस्थाओं पर भी गंभीर सवाल उठे। भीषण उमस और गर्मी के बावजूद पंचायत भवन में पंखों जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा। अपनी शिकायत लेकर पहुंचे बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य नागरिक घंटों तक गर्मी में परेशान होते रहे।

फरियादियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए उन्हें पहले ही ब्लॉक और थाना के लगातार चक्कर लगाने पड़ते हैं। सहयोग शिविर से उन्हें त्वरित सुनवाई और समाधान की उम्मीद थी, लेकिन यहां भी केवल औपचारिकता निभाई गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे शिविरों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि जिम्मेदार अधिकारी निर्धारित समय तक मौजूद रहकर जनता की समस्याओं का समाधान करें। लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं और जनसुनवाई कार्यक्रमों का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब वे कागजों से निकलकर धरातल पर भी प्रभावी रूप से दिखाई दें।

# पुलिस दबिश से घबराकर आर्म्स एक्ट के आरोपी ने किया सरेंडर, फरार साथी की तलाश जारी

**बीएनएम@ तुरकौलिया।**

थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर बाबू टोला में हुई लूटपाट, मारपीट और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले के मुख्य आरोपी ने पुलिस की लगातार दबिश के बाद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वाले आरोपी की पहचान जयसिंहपुर बाबू टोला निवासी आरिफ अंसारी के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि चार दिन पूर्व आरिफ अंसारी अपने सहयोगियों मिंटू अंसारी और तबरेज अंसारी के साथ मिलकर जयसिंहपुर शंभू टोला निवासी मासूम अली को रास्ते में घेर लिया था। मासूम अली गांव के ही एक व्यक्ति के घर मिलाद के कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहा था।

आरोप है कि अपाची बाइक पर सवार तीनों आरोपियों ने उसे रोककर मारपीट की तथा उसकी सोने की चेन और जेब में रखे 200 रुपये छीन लिए। इसी दौरान आरिफ अंसारी ने कथित रूप से पिस्टल निकालकर मासूम अली की कनपटी पर सटा दी। बताया जाता है कि फायरिंग की कोशिश से पहले ही पीड़ित ने साहस दिखाते हुए आरोपी का विरोध किया, जिससे दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

धक्का-मुक्की के दौरान पिस्टल की मैगजीन और उसमें मौजूद दो जिंदा कारतूस निकलकर पीड़ित के हाथ में आ गए। शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आते देख आरोपी भागने लगे, लेकिन मिंटू अंसारी को पकड़ लिया गया, जबकि आरिफ अंसारी और तबरेज अंसारी फरार हो गए थे।

घटना के बाद दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस दबाव बढ़ने पर मुख्य आरोपी आरिफ अंसारी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि सरेंडर करने वाले आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। वहीं मामले के दूसरे फरार आरोपी तबरेज अंसारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ से घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का भी खुलासा होगा।

# यह खबर समाचार-पत्र शैली में इस प्रकार लिखी जा सकती है

**बीएनएम@ मोतिहारी।**

मादक पदार्थ तस्करी के एक महत्वपूर्ण मामले में मोतिहारी स्थित एनडीपीएस कोर्ट-1 ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस फैसले को नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ कानून की सख्ती का एक अहम उदाहरण माना जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एनसीबी केस संख्या PZU/V/29/2018 में सुनवाई पूरी होने के बाद एनडीपीएस कोर्ट-1 की न्यायाधीश रेशमा वर्मा ने अभियुक्त मो. असलम, पिता सागीर मियां, निवासी बलुआ टोली बखरी, थाना कुचायकोट, जिला गोपालगंज को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषसिद्धि के उपरांत अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि अभियुक्त निर्धारित अर्थदंड की राशि जमा नहीं करता है तो उसे संबंधित धाराओं के तहत तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक निर्मल कुमार ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। उन्होंने अनुसंधान के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को न्यायालय के समक्ष सिद्ध किया।

मोतिहारी पुलिस द्वारा की गई निष्पक्ष जांच, जुटाए गए ठोस साक्ष्य तथा समय पर दाखिल की गई चार्जशीट ने अभियोजन पक्ष के मामले को मजबूत आधार प्रदान किया। न्यायालय के इस फैसले से समाज में यह स्पष्ट संदेश गया है कि मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कानून कठोर कार्रवाई करेगा और दोष सिद्ध होने पर उन्हें सख्त सजा का सामना करना पड़ेगा।

# भाई ने ही की भाई की हत्या, शव जलाकर मिटाने की कोशिश; 24 घंटे में पुलिस ने किया सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा

**बीएनएम@ बेतिया।**

पश्चिम चम्पारण जिले के मनुआपुल थाना क्षेत्र स्थित खैरटिया गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक भाई ही अपने सगे भाई का कातिल निकला। हत्या के बाद शव को जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया, लेकिन बेतिया पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, 13 जून 2026 की रात करीब 8:30 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि खैरटिया गांव निवासी शैलेश तिवारी की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया है। सूचना मिलते ही मनुआपुल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जांच के दौरान मृतक का घर खुला मिला, जबकि परिवार के सभी सदस्य फरार पाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश



पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर मृतक के भाई सोनू तिवारी को मझौलिया थाना क्षेत्र के चैलाभार गांव से तथा मृतक की मां नंदवानी देवी को छावनी स्थित प्रजापति हॉल्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान सोनू तिवारी ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद शव को स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर ले जाकर शांति माई श्मशान घाट में जला दिया गया था, ताकि साक्ष्य नष्ट किए जा सकें। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने श्मशान घाट से जले हुए शव के अवशेष बरामद कर लिए।

घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम ने वैज्ञानिक तरीके से जांच करते हुए आवश्यक साक्ष्य और नमूने संग्रहित किए। पुलिस ने शव को ले जाने में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

पुलिस का कहना है कि इस हत्याकांड में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई में सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मनुआपुल थानाध्यक्ष रवि कुमार, कालीबाग थानाध्यक्ष अजय कुमार समेत पुलिस बल की विशेष टीम शामिल रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और वैज्ञानिक अनुसंधान के कारण एक जघन्य हत्याकांड का शीघ्र खुलासा संभव हो सका।

# डिजिनिलैंड मेला टेंडर विवादः मीडिया में मामला आने के आठ घंटे के भीतर टेंडर रद्द, मैदान खाली कराने का आदेश

बीएनएम@ मोतिहारी।





नगर भवन मैदान में प्रस्तावित डिजिनिलैंड मेले को लेकर उठे टेंडर घोटाले के आरोपों के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विवादित टेंडर को रद्द कर दिया है। साथ ही मेले के आयोजन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए मैदान को खाली कराने का निर्देश जारी किया गया है। मीडिया में मामला प्रमुखता से सामने आने के महज आठ घंटे के भीतर प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से पूरे शहर में चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार नगर भवन मैदान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले डिजिनिलैंड मेले के लिए इस वर्ष भी टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई थी। मेले के आयोजन की अनुमति के लिए आवेदन सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) निशांत सिहाड़ा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आवेदन की समीक्षा के बाद एसडीओ ने कई महत्वपूर्ण कारणों का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया। एसडीओ ने अपने आदेश में कहा कि नगर भवन मैदान का क्षेत्रफल सीमित है, जिसके कारण मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात संचालन प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा मैदान परिसर में सम्राट अशोक की प्रतिमा निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है, जिससे आयोजन में बाधा उत्पन्न होने की संभावना है। इन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने मेला आयोजन की अनुमति नहीं दी और तीन दिनों के भीतर मैदान खाली कराने का निर्देश जारी कर दिया। एसडीओ के आदेश के बाद नगर आयुक्त आशीष कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डिजिनिलैंड मेले का टेंडर रद्द कर दिया। नगर निगम द्वारा मैदान खाली कराने संबंधी पत्र जारी होते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वहां चल रहे निर्माण कार्य को भी रुकवा दिया। प्रशासन की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से मेला आयोजन से जुड़े लोगों में हलचल मच गई है। टेंडर

**प्रक्रिया पर उठे सवाल** मामले ने उस समय तूल पकड़ा जब नगर भवन मैदान में मेले के लिए जारी टेंडर की राशि को लेकर सवाल उठने लगे। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष यह टेंडर लगभग 1 लाख 75 हजार रुपये प्रतिदिन की दर से आवंटित किया गया था, जबकि इस वर्ष मात्र 32 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से टेंडर जारी किए जाने की बात सामने आई। इस बड़े अंतर को लेकर टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगने लगे। पूर्व वार्ड पार्षद मणि भूषण श्रीवास्तव ने इस मामले में गंभीर अनियमितता की आशंका जताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। मामला मीडिया में आने और विवाद बढ़ने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। सूत्रों के अनुसार अब पूरे मामले की जांच कराई जा सकती है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि टेंडर राशि में इतनी बड़ी विसंगति कैसे उत्पन्न हुई। फिलहाल नगर भवन मैदान में किसी भी प्रकार के मेला आयोजन पर रोक लगा दी गई है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर तय की जाएगी।

# वाहन जांच में ढाका पुलिस को बड़ी सफलता, 56 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बीएनएम@ मोतिहारी।





ढाका थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक युवक को 56 लीटर अवैध शराब और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो. शमीम (23 वर्ष), पिता गयासुद्दीन, निवासी ग्राम कुशमाहमा, थाना ढाका के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 120 बोतल नेपाली शराब तथा 20 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 56 लीटर बताई गई है। शराब की तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

ढाका थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि पिपरा वाजिद मोड़ के समीप नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोककर तलाशी ली गई। जांच के क्रम में उसके पास से बड़ी मात्रा में नेपाली एवं देशी शराब बरामद हुई।

बरामदगी के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शराब तथा मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस द्वारा बरामद शराब को विधिवत जब्त कर लिया गया है तथा गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान तक पहुंचाया जाना था। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर पलटने से दबकर युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**बीएनएम@बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिले के रामनगर प्रखंड अंतर्गत सबेया पंचायत के कौलाची गांव के समीप ट्रैक्टर पलट जाने से एक युवक की दबकर मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान कौलाची गांव निवासी प्रदीप राम (पिता- छोटेलाल राम) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सबेया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नसीम हिटलर ने बताया कि प्रदीप राम अत्यंत गरीब दलित परिवार से आते थे और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य चले जाने से परिजनों के सामने जीवन-यापन की बड़ी चुनौती उत्पन्न हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। **इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।**

### रामगढ़वा में जन सहयोग शिविर का आयोजन, 153 में से 120 आवेदनों का मौके पर हुआ निष्पादन



**बीएनएम@ रामगढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर, बैरिया एवं चंपापुर पंचायतों में आयोजित जन सहयोग शिविर आम लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित हुआ। शिविर का उद्देश्य भूमि संबंधी, प्रशासनिक तथा अन्य जन-समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर के दौरान कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए इनमें से 120 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया, जबकि शेष 33 आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि लंबित मामलों का भी शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम में सुगौली विधायक बबलू गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार एवं अंचलाधिकारी राजा कुमार मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह और एसआई मनीष कुमार भी उपस्थित रहे। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। चंपापुर पंचायत की मुखिया जायदा खातून, मुखिया प्रतिनिधि शमसु जोहा अंसारी, सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार, न्याय सचिव मुशाइद मियां तथा बबलू कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने लोगों की समस्याओं के समाधान में सहयोग किया। इसके अलावा संबंधित पंचायतों के पंचायत कर्मी, सरपंच, मुखिया तथा राजस्व कर्मचारी रणवीर कुमार भी शिविर में मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। लोगों ने भविष्य में भी नियमित रूप से जन सहयोग शिविर आयोजित करने की मांग की।

# 17 जून से 27 जून तक नशा मुक्त सप्ताह के दौरान जिला में आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम

बीएनएम@ मोतिहारी।

सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार एवं निदेशक, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय बिहार पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस 26 जून के अवसर पर नशा मुक्ति प्रचार प्रसार के तहत दिनांक 17 जून 2026 से 26 जून 2026 तक नशा मुक्ति सप्ताह का जिला में आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के द्वारा बताया गया है कि इस अभियान का विषय इस वर्ष "नशा मुक्त भारत अभियान- विकसित भारत की पहचान" निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान पूर्वी चंपारण जिले में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नशा मुक्ति अभियान को गति देने के लिए 17.06.2026 को जिला अंतर्गत सभी विभागों के कार्यालय में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी कार्यालय प्रधान भाग लेंगे। 18 जून को सभी बुनियाद केंद्र एवं बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत सभी गृह केंद्र में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया है। जिसका संयोजन दायित्व जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र एवं सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई पूर्वी चंपारण को सोपा गया है। 19 जून को समाहरणालय परिसर, बापूधाम रेलवे स्टेशन, छतौनी बस स्टैंड एवं अन्य प्रमुख भीड़भाड़ वाले जगह पर नशा मुक्त भारत अभियान हेतु हस्ताक्षर अभियान एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया जाएगा। 21 जून को गांधी मैदान मोतिहारी में योगाभ्यास के साथ नशा मुक्त भारत अभियान का प्रचार प्रसार कराया जाएगा, इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी पूर्वी चंपारण को जिम्मेदारी सौंप गई है। 22 जून को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका, सहायिका, वार्ड सदस्य, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के साथ शपथ ग्रहण समारोह एवं हस्ताक्षरअभियान चलाया जाएगा। 23 जून को जीविका दीदी, जीविका समूह के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम सभी प्रखंड में किया जाएगा, इसके लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जीविका एवं सभी प्रखंड समन्वयक जीविका को जिलाधिकारी के द्वारा नामित किया गया है। 24 जून को मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय स्थित सभी सरकारी विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चित्रकला तथा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। 25 जून को समाहरणालय परिसर मोतिहारी में एनसीसी कैडेट एवं भारत स्काउट गाइड के कैडेट द्वारा पूर्वाह्न 7:00 बजे प्रभातफेरी निकली जाएगी। 26 जून को जिला स्तर पर बृहद कार्यक्रम तथा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें निदेशालय द्वारा निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन कराया जाएगा और वैसे व्यक्ति जो नशा छोड़ चुके हैं उनका संवाद तथा मोटिवेशनल स्पीच इत्यादि का आयोजन समाहरणालय स्थित राजेंद्र भवन मोतिहारी में किया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी को सभी जरूरी तैयारी ससमय करा लेने का निर्देश दिया गया है।

# हरसिद्धि के विभिन्न पंचायतों में आयोजित हुआ सहयोग शिविर, ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

बीएनएम@ हरसिद्धि।



प्रखंड क्षेत्र के बैरिया डीह, उज्जैन लोहिया एवं मटियारिया पंचायतों में मंगलवार को विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे।

शिविर के दौरान सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों, भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनसमस्याओं पर लोगों की शिकायतें सुनी गईं। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे सहयोग शिविरों के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलता है, जिससे समाधान की प्रक्रिया तेज होती है। वहीं अधिकारियों ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में मुखिया छठी देवी, ग्रामीण विकास पदाधिकारी प्रियांशु प्रिया, पंचायत सचिव मुन्ना कुमार, मासूम राजा श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, रितिक कुमार मत्स्य पदाधिकारी निशिकांत पासी, समाज कल्याण पदाधिकारी भेषज कुमार, राजस्व कर्मचारी आदित्य प्रकाश, विद्युत विभाग के प्रमोद महतो, शिक्षा विभाग की कलावती देवी, सरपंच प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार निष्पादन कर लोगों को जल्द राहत प्रदान की जाएगी।

# जन सहयोग एवं जन कल्याण शिविर में लोगों ने रखीं समस्याएं, योजनाओं की दी गई जानकारी

बीएनएम@ मोतिहारी।





आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला के मेहसी प्रखंड में जन सहयोग एवं जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्थानीय विधायक श्याम बाबू यादव ने फीता काटकर किया। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित विभागों को उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी आम नागरिकों को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विधायक श्याम बाबू यादव ने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य जन सहयोग एवं जन कल्याण को बढ़ावा देना है। इसी सोच के तहत पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े और एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है तथा लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। हालांकि शिविर में पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की कि जमीन की रसीद कटवाने के लिए जब वे राजस्व काउंटर पर पहुंचे तो उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया का हवाला देते हुए साइबर कैफे के माध्यम से रसीद कटवाने की सलाह दी गई। ग्रामीणों ने मांग की कि ऐसे शिविरों में संबंधित सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना न करना पड़े। इधर, बखरी नाजिर पंचायत और कोठिया पंचायत में भी जन सहयोग एवं जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मिर्जापुर कर्बला में आयोजित शिविर में लोगों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। शिविर में नगर पंचायत के कनीय अभियंता नरोत्तम कुमार, कार्यपालक सहायक विनोद कुमार, सतीश कुमार, रमेश कुमार, बाबूलाल शाह, सफाई जमादार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक लतीफ उर रहमान, शिक्षा सेवक संजीदा परवीन, खुशबू प्रवीण,स्वास्थ्य विभाग के राम अवतार धाकड़, एएनएम मृदुला कुमारी, शिक्षा विभाग से शमशाद अली एवं मोहम्मद मुख्तार आलम, आयुष्मान विभाग से मोहम्मद सदाकत हुसैन, मनीष कुमार बिजली विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# प्यास बुझाने की कोशिश बनी काल, पानी समझकर थिनर पी गया 10 वर्षीय मासूम, ड्रम में मिला शव

बीएनएम@ पश्चिमी चंपारण।

मैनाटाड़ प्रखंड के भंगहा थाना क्षेत्र स्थित नगरदेही गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। भीषण गर्मी के बीच प्यास से व्याकुल एक 10 वर्षीय मासूम ने घर में रखा थिनर पानी समझकर पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ घंटों बाद उसका शव घर में रखे एक पानी के ड्रम से बरामद किया गया।

मृतक की पहचान नगरदेही गांव निवासी संत कुशवाहा के 10 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रिंस को तेज प्यास लगी थी। इसी दौरान उसने घर में रखा थिनर पानी समझकर पी लिया। जहरीला पदार्थ पीने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे बेचैनी महसूस होने लगी। बताया जाता है कि असहज महसूस होने पर वह घर में रखे एक बड़े पानी के ड्रम के अंदर जाकर बैठ गया। काफी देर तक जब वह परिजनों को दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश शुरू की गई। घर और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के बाद कुछ घंटों पश्चात उसका शव उसी ड्रम के अंदर मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं इस हृदयविदारक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और प्यास के कारण मासूम ने अनजाने में थिनर को पानी समझ लिया, जिसके चलते यह दर्दनाक घटना हुई। हादसे ने एक बार फिर घरों में रखे रासायनिक एवं जहरीले पदार्थों को बच्चों की पहुंच से दूर रखने की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। भंगहा थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष काजल कुमारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है तथा सभी तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टीबी उन्मूलन को मिलेगी रफ्तार, 'कफ अगेंस्ट टीबी' ऐप को लेकर सीएचओ क़ो मिला दो दिवसीय प्रशिक्षण

बीएनएम@ मोतिहारी।



पूर्वी चंपारण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने तथा टीबी (यक्ष्मा) उन्मूलन के संकल्प को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए 'कफ अगेंस्ट टीबी' ऐप के उपयोग को लेकर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति स्थित सभागार में मंगलवार को किया गया। इस सम्बन्ध में सीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया की अब पूर्वी चंपारण जिले में टीबी उन्मूलन को रफ्तार मिलेगी, क्यूंकि 'कफ अगेंस्ट टीबी' ऐप को लेकर सीएचओ क़ो दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया है। उन्होंने बताया की बिहार को टीबी मुक्त बनाने और ग्रामीण स्तर पर संभावित मरीजों की जल्द पहचान करने के उद्देश्य से पूर्वी चंपारण जिले में एक विशेष पहल की गई है। जिले के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को 'कफ अगेंस्ट टीबी' डिजिटल ऐप के संचालन और इसके तकनीकी पहलुओं से रूबरू कराने के लिए दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक पूर्ण भट्टाचार्य द्वारा दिया गया। दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक पूर्ण भट्टाचार्य ने स्वास्थ्य कर्मियों को ऐप के कार्यबल, डेटा एंट्री और संभावित मरीजों की पहचान करने के वैज्ञानिक तरीकों को विस्तार से समझाया।अब स्वास्थ्य कर्मी संभावित यक्ष्मा (टीबी) रोगियों की स्क्रीनिंग बेहद आसानी और सटीकता से कर सकेंगे। यह ऐप संभावित मरीजों की खांसी की आवाज और अन्य लक्षणों के डिजिटल विश्लेषण के आधार पर टीबी के शुरुआती संकेतों को पकड़ने में मदद करता है।जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संजीव ने कहा की यह तकनीक बेहद कम समय में प्राथमिक स्क्रीनिंग रिपोर्ट दे देती है, जिससे संदिग्ध मरीजों को आगे की जांच (जैसे बलगम जांच या सीबीनेट टेस्ट) के लिए तुरंत रेफर किया जा सकेगा।ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा स्क्रीनिंग का दायरा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिले के दूर-दराज के गांवों में तैनात इस ऐप के जरिए सीधे आम लोगों तक पहुंचेंगे। कई बार लोग सामान्य खांसी समझकर टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ने का खतरा रहता है। अब इस सीएचओ डिजिटल टूल की मदद से घर-घर जाकर या हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर आने वाले मरीजों की मौके पर ही स्क्रीनिंग कर सकेंगे।उन्होंने कहा की सही समय पर स्क्रीनिंग होने से मरीजों का इलाज जल्द शुरू हो सकेगा, जिससे न सिर्फ मरीज की जान बचेगी बल्कि समाज में टीबी के फैलाव को भी रोका जा सकेगा। मौके पर डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीपीसी भारत भूषण, अमरेंद्र कुमार, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिसवनिया में युवक की मौत पर सवाल, परिजनों ने लगाया पिटाई से मौत का आरोप

बीएनएम@ रामगढ़वा/पलानवा।



पलानवा थाना क्षेत्र के सिसवनिया गांव में एक युवक की मौत के बाद परिजनों और पुलिस के बयानों में विरोधाभास सामने आया है। परिजन जहां पुरानी रंजिश में हुई पिटाई को मौत का कारण बता रहे हैं और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं पुलिस का कहना है कि अब तक थाने को कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। मृतक की पहचान ईजहारूल, पिता स्वर्गीय शेख कलीम, निवासी सिसवनिया गांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार ईजहारूल कश्मीर में दिहाड़ी मजदूरी करता था। वहां गांव के ही कुछ युवकों के साथ उसका विवाद हुआ था, जो बाद में रंजिश में बदल गया। बताया जाता है कि 4 जून को गांव में आई एक बारात के दौरान पुराने विवाद को लेकर कुछ युवकों ने ईजहारूल को घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। मृतक की मां शहर बानो का आरोप है कि हमलावरों ने उसके बेटे के गले में फंदा डालकर बेरहमी से पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले गए। वहां पहले सफदरजंग अस्पताल और बाद में डॉ. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में उसका इलाज कराया गया। करीब 12 दिनों तक उपचार के बाद सोमवार, 16 जून को उसकी मौत हो गई। सोमवार शाम जब शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने बताया कि ईजहारूल पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसके चारों बड़े भाई विदेश में मजदूरी करते हैं। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। **परिजनों ने की न्याय की मांग** मृतक की मां शहर बानो ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती तो उनके बेटे की जान बच सकती थी। उन्होंने दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। **शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाईः पुलिस** मामले में पलानवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के संबंध में अब तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन या सूचना थाने को नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि परिजनों द्वारा आवेदन दिया जाता है तो मामले की जांच कर नामजद आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। गांव में एक छोटे से विवाद के बाद हुई इस दुखद मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि परिजनों की शिकायत मिलने के बाद पुलिस क्या कदम उठाती है और मामले की जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है।

# ट्रंप की हां नेतन्याहू की ना ईरान की वाह-वाह

ईरान और अमेरिका के बीच शांतिवार्ता सफल हुई, अब शुक्रवार अर्थात जुम्मे के दिन समझौते पर हस्ताक्षर होने की बात कही जा रही है। इस समझौते को लेकर सारी दुनिया के देशों में एक सुखद प्रतिक्रिया देखने को मिली है। वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की प्रतिक्रिया इस समझौते को लेकर ना वाली है। जिसके कारण ईरान और अमेरिका के बीच जो समझौता हुआ है उस पर हस्ताक्षर होने के पहले ही विवादों में फंस गया है। ऐसा लगता है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर इन दिनों शनि, राहु और केतु की क्रुद्ध दृष्टि है, जिसके कारण वह जो सोचते हैं ठीक उसके विपरीत होता है। समय और काल का प्रभाव पूरे ब्रह्मांड में रहता है, यही कारण है दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति को यह दिन देखना पड़ रहे हैं। वह ईरान के साथ युद्ध से बाहर निकलने के लिए अभी तक कई प्रयास कर चुके हैं। 40 बार से अधिक दफा झूठ बोल चुके हैं। उसके बाद भी वह इस युद्ध की विभीषिका से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। हाल ही में जी7 के सम्मेलन में भी उन्हें अपने सहयोगी देशों से सहयोग नहीं मिला, जिसकी वह आशा करके जी7 के सम्मेलन में गए थे। जिस तरह से निकाह में लड़की से पूछा जाता है कि तुम निकाह के लिए राजी हो या नहीं, इस अवसर पर काजी उपस्थित रहता है लड़की यदि हां कर देती है, इसके बाद काजी साहब निकाह की रस्म अदा करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समझौते पर इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू हां नहीं कर पाए हैं। यही वजह है कि शांति समझौते को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जो प्रयास किए गए थे वह सब निष्फल होते हुए नजर आ रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल स्वतंत्र राष्ट्र है इस पर यह समझौता लागू नहीं किया जा सकता है। इजराइल अमेरिका का गुलाम नहीं है। ऐसा कहकर उन्होंने अपनी तीव्र प्रक्रिया सार्वजनिक रूप से जाहिर कर दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रह दशा इन दिनों बड़ी खराब चल रही है। उनके साथ उनके ही विश्वासपात्र लोग विश्वासघात कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में डोनाल्ड ट्रंप समझ नहीं पा रहे हैं वह करें तो क्या करें। ईरान जैसा देश जिसके ऊपर अमेरिका और यूरोप के देशों ने पिछले 47 वर्षों से तरह-तरह के प्रतिबंध लगा रखे थे ईरान हर प्रतिबंध को झेल रहा था। उसने कभी किसी के ऊपर, कोई हमला नहीं किया। वह अमेरिका के खिलाफ ऐसा लड़ेगा यह तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के किसी भी देश ने नहीं सोचा था। फरवरी माह से जो युद्ध शुरू हुआ था उसकी परिणति इस रूप में होगी यह ना तो अमेरिका ने सोचा था ना ही इजराइल ने सोचा था।

# दानपात्र में गड़बड़ी हुई है तो उसपर विश्वास करें आपस में ना लड़े

संजय गोस्वामी

राम मंदिर अयोध्या में 500 सालों के बाद बना और समाज बादी पार्टी के नेता श्री अखिलेश यादव ने दान सम्पति पर करोड़ो के गबनहोने का आरोप लगा लिया है। इस मामले में अब गजब का माहौल देखने को मिल रहा है इसमें अब तक दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, उनके पास से लाखों रुपये की बरामदगी भी कई है। मामला बढ़ने के बाद जांच तेज कर दी गई इस मामले पर चिंता जताने वाले नेताओं में अब ,सीनियर बीजेपी नेता और राम जन्मभूमि आंदोलन के अनुभवी नेता विनय कटियार भी शामिल हो गए हैं।रविवार को अपने घर पर पत्रकारों से बात करते हुए कटियार ने कहा कि अगर ट्रस्टी खुद ही गड़बड़ी में शामिल पाए जाते हैं, तो इससे मंदिर प्रोजेक्ट का मकसद ही क्या ।कटियार ने कहा कि प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में एसआईटी गठित की गई है और अब दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगाइसमें मंदिर के ट्रस्टी चंपत को कटघरेमें खड़ा किया जा रहा है बाद में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ। अनिल मिश्रा और परिसर व्यवस्थापक गोपाल राव हैं, जिन पर मंदिर व्यवस्था की जिम्मेदारी होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार 7 जून को चढ़ावे की गिनती के दौरान एक कर्मचारी सीसीटीवी में नोटों की गड्डी छिपाते हुए दिखाई दिया ऐ सब का ध्यान भगवान राम पर नहीं बल्कि उस धन पर टीका है जो किसी ने दान किया होगा अब आप इस मुद्दे पर आपस में ही लड़ेंगे तो दूसरे लोग आपके धर्म का मज़ाक उड़ा देंगे इससे राम के नाम पर एक विश्वास टूटेगा भगवान हैं राम अगर किसी ने करोड़ का दान दिया तो खुश होंगे ऐसा बिलकुल नहीं है वो सेवा के प्रति अपने को मर्यादा में रहने की शक्ति देते हैं आखिर क्यों दिया भगवान राम जो दुनिया को चला रहें हैं वो पैसे के मोहताज होंगे इसी पैसे से गरीबों को बाँट देते तो सार्थक होता खैर जहाँ तक पैसा चुराने की बात है वो अंत में पैसा लेकर कहाँ जाएगा सब यहीं रहने वाला है इसलिए इस पर विवाद से बचना चाहिए आप समझदार बनो दूसरे के दुःख में काम आओ और इंसान बनने की कोशिश करे जो भगवान राम का सच्चा भक्त है वो यहाँ नहीं कहीं एकांत में उनका ध्यान कर रहा होगा और भगवान राम जब रावण को हराकर अयोध्या आए थे तो श्रीराम ने हनुमानजी की सहायता से लंका के राजा रावण को हराया था। और युद्ध जीतने के बाद वह सीता माता, लक्ष्मण जी, हनुमानजी और अपने दूसरे साथियों के साथ अयोध्या पहुँचे। जब वह अयोध्या के राजा बने तब सीता माता ने उनसे निवेदन किया कि जिन्होंने भी युद्ध जीतने में उनकी सहायता की है वह उन्हें धन्यवाद के रूप में कुछ भेंट देना चाहती हैं। सीता माता ने सबको कुछ न कुछ अनमोल भेंट दी। अब हनुमानजी की बारी थी। श्रीराम मुस्कुराते हुए बोले, "आप भला हनुमान को क्या भेंट देंगी? इनकी निस्वार्थ सेवा और भक्ति का तो कोई मोल हो ही नहीं सकता।" माता सीता ने फिर भी अपनी एक मोतियों की माला, हनुमानजी को भेंट में दी। हुनमानजी उस माला के एक-एक मोती को दाँतो से तोड़कर देखा और ज़मीन पर फ़ेंक दिया। सीता माता ने हनुमानजी से पूछा, "आपने ऐसा क्यों किया हनुमान? क्या आपको यह माला पसंद नहीं आई?" "ऐसी बात नहीं है माता, पर यह भेंट मेरे किसी काम की नहीं, क्योंकि इसमें मुझे मेरे प्रभु राम नहीं दिखे। अगर मोतियों में राम नहीं तो इनका मोल मेरे लिए मिट्टी के समान है।" "तो क्या आपके अंदर राम हैं?" सीता माता ने पूछा। सीता माता के ऐसा कहते ही हनुमानजी ने अपना सीना चीर कर सबको अपने हृदय में बसे राम-सीता की छवि के दर्शन कराए। जैसे हनुमानजी ने श्रीराम का कार्य किसी उपहार के लालच में नहीं किया बल्कि इसलिए किया क्योंकि श्रीराम की सेवा करके उन्हें आनंद मिलता था। वैसे ही क़ोई किसी चीज के लालच में ना पड़े भगवान राम का सच्चा भक्त ब्रह्मचारी होता है क्योंकि उसका प्रेम राम से है ऐ आपके सामने की कई घटना जो रामरहीम से लेकर आशाराम बापूजी तक है जो ब्रह्मचारी बनने का पाठ पढ़ाते थे आज उस नियम को तोड़ कर काम के वश में आ गए और अब जेल में अदालत के फैसला से गए हैं अतः पता नहीं ऐसे कितने बाबा होंगे जो धर्म की आड़ लेकर झूठ बोलकर आपको कुछ बताता होगा और वो भी कहीं उसी जाल में तो नहीं है? भगवान राम से सबसे बड़ी शिक्षा लेने की यह जरुरी है सच बोलो झूठ का सहारा नहीं नहीं तो एक झूठ से बचने के लिए हजार झुठ बोलना पड़ेगा और आपकी नींद ख़राब बौगी सेहत पर बुरा असर पड़ेगा राम सेवा सत्य और प्रेम में विश्वास रखते हैं एक तरफ आपके पास भौतिक बस्तु का जाल पड़ेगा फिर आप फंस इसलिए जातो हो कि ऐ सामर्थ नहीं है कि उसी के लिए जीना और उसी के लिए मरना और जब तक काम के बंधन से मुक़्त नहीं होंगे तब तक उसके लिए आप गलत काम भी कर देते हैं आपको यह अहसास नहीं होता है कि जिस माता पिता ने आपको पालन पोषण किया हैं उनको बुढ़ापे में अकेले इसलिए छोड़ देते हो कि मेरी पत्नी प्यारी है और मैं उसके साथ काम में वशीभत हो ताकि उसके साथ मजे कर सकूँ इसलिए आप भगवान राम के लाख पूजा करनेपर भी उसका प्रकाश नहीं दीखता जब दिखेगा तो फिर उसमें विलीन होने की इक्छा होगी क्योंकि वो इतना तेज है कि बाली को मोक्ष मिला और गोस्वामी तुलसीदास जी ने जब स्त्री का मोह त्याग दिया तब वो राम चरित्र मानस लिखा और दुनिया को हिंदी में भगवान राम का उपदेश सबको इसलिए बताया क्योंकि यह आपको संकट से बचाता है आपको गलत और सही का फर्क मालूम होता है

एक बार मेरे पिताजी का हाथ फिसलने से टूट गया मैं मुंबई से पटना तुरंत पहुँचा वहाँ जब पिताजी को देखा तो दर्द से कराह रहें थे किसी ने बहुत ही भरोसा से बोला कि यह डॉक्टर बहुत बढ़िया है पिताजी ने विश्वास किया और जब डॉक्टर के पास गए तो वहाँ मेरी माँ भी थी माँ का एक बेटा अपनी माँ का टुटा हुआ हाथ के इलाज के लिए आया था वो बहुत कराह रही थी बाद में उसके लड़के ने बताया कि मेरा भाई ही औरत की बात में आकर माँ को मार कर इसका हाथ तोड़ दिया है मुझे बहुत दुःख हुआ कि आखिर माँ ने ऐसा क्या किया जो जान लेने पर उतारु है ऐ उसका एक नालायक बच्चा ही होगा ऐसे आजकल एक नहीं कई मामले हैं जो कोरोना काल में आपने देखा होगा देखो पहला भगवान ऊपर वाला है और अगर क़ोई दूसरा भगवान है तो आपके माता पिताजी ही हैं कुछ भी बोले उनकी बात पर गुस्सा नहीं होना नहीं तो दुनिया से जाने के बाद आपको बहुत तकलीफ होगा कौन सही हैं कौन गलत इसका पता भगवान राम के ध्यान से ही मालूम होगा और भगवान राम के ध्यान के लिए में आपको ब्रह्मवर्चस के नियम को पालन करना होगा ब्रह्मवर्चस का शाब्दिक अर्थ ब्रह्म का तेज या दिव्य आभा है। जिसने अपने दिमाग़ से काम वासना को निकाल कर फेंक दिया समझ लेना वह ब्रह्मवर्चस का नियम पालन कर सकता है जो अध्यात्म में, यह वह उत्कृष्ट आत्मबल, सात्विक ऊर्जा और ज्ञान-तेज है जो एक साधक को कठोर तपस्या और शुद्ध जीवनशैली से प्राप्त होता है। भगवान राम अब ब्रह्मचारी वह व्यक्ति है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर पवित्रता और संयम का पालन करता है ब्रह्मचर्य केवल विवाह न करना या वासना से दूर रहना नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवनशैली है, जिसे भगवान राम ने अपनाया था,एक सच्चे ब्रह्मचारी के मन में वासना या कामुक विचार नहीं आते हैं वह वासना पर नियंत्रण रखता है सभी इंद्रियों (आंख, कान, नाक, जीभ, त्वचा) को वश में रखता है ब्रह्मचारी अपने वीर्य या प्राण-ऊर्जा की रक्षा करता है, जिससे उसका शरीर और मस्तिष्क बेहद ऊर्जावान रहता है सात्विक आहारः वह अत्यधिक मसालेदार, तला-भुना, और उत्तेजक भोजन से बचता है। उसका आहार सात्विक और नियंत्रित होता है वह दिखावे और अत्यधिक शारीरिक साज-सज्जा से दूर रहता है, क्योंकि सादा जीवन उसका व्यक्तित्व स्वयं ही आकर्षण का केंद्र होता है ब्रह्मचर्य के पालन से चेहरे पर एक अलग चमक (ओज) होती है और बुद्धि अत्यंत प्रखर व स्मरण शक्ति मजबूत हो जाती है उनका मन सांसारिक मोह-माया के बजाय ज्ञान, ध्यान और ईश्वरीय चिंतन में अधिक लगता है उनके दिनचर्या में अनुशासन होता है और वे सुबह जल्दी उठने और योग/व्यायाम को प्राथमिकता देते हैं,संयमित ऊर्जा के कारण उनमें परोपकार और निस्वार्थ समाज सेवा की प्रबल भावना होती है भगवान राम ने प्रजा के प्रति अपने राजधर्म का पालन करने और राज्य की गरिमा बनाए रखने के लिए माता सीता का त्याग किया था।इसके पीछे की मुख्य घटनाएं और कारण निम्नलिखित हैंःप्रजा के संदेह और लांछनः अयोध्या लौटने के बाद, एक धोबी ने माता सीता के रावण की लंका में रहने पर सवाल उठाया और उनके चरित्र पर लांछन लगाया।राजा का धर्मः एक राजा के रूप में भगवान राम का मानना था कि राज्य की शांति और प्रजा का विश्वास बनाए रखना सर्वोपरि है। एक आदर्श राजा (मर्यादा पुरुषोत्तम) होने के नाते, उन्होंने अपने व्यक्तिगत सुख से ऊपर प्रजा के हित को रखा।माता सीता की इच्छाः कुछ पौराणिक कथाओं और रामायण के प्रसंगों में यह भी आता है कि माता सीता स्वयं नहीं चाहती थीं कि राजा राम पर कोई अंगुली उठाए, इसलिए उन्होंने राज्य और कुल की मर्यादा की रक्षा के लिए स्वेच्छा से वन जाना स्वीकार किया।ऋषि भृगु का श्रापः कई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह अलगाव ऋषि भृगु द्वारा भगवान विष्णु को दिए गए उस श्राप का परिणाम था, जिसके कारण उन्हें मानव रूप में अपनी पत्नी से वियोग सहना पड़ा था।श्री राम ने कभी अपनी पत्नी (सीता) पर संदेह नहीं किया, लेकिन एक जन-कल्याणकारी राजा के रूप में उन्हें यह कठोर निर्णय लेना पड़ा।

# सादा जीवन उच्च विचार, भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

कुदरत द्वारा रचित सृष्टि की 84 लाख़ योनियों में सबसे अनमोल बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व ख़जाना धारे मानवीय योनिं नें सृष्टि में अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता का प्रयोग कर इस सृष्टि को कहां से कहां पहुंचा दिया है। सूर्य, चंद्रमा, अग्नि, बारिश जैसे प्राकृतिक और कुदरती रचनाओं को भी आर्टिफिशियल बना दिया है,इतना ही नहीं एक आर्टिफिशियल रोबोट मानव भी बना दिया है बस अब एक कमीं रह गई है जो मानवीय मृत शरीर में जान फुकना और आर्टिफिशियल प्राकृतिक बच्चे प्रौद्योगिकी की तकनीकी पर बनाकर उसमें जान फ़ूककर जन्म देना रह गया है,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि मानवीय जीव यह कभी नहीं कर सकेगा।धन, माया, नाम शोहरत की खातिर मानव ने अपने चोबीस घंटे उसमें लगा दिए हैं जिसमें अपने जीवन को भारी तनावग्रस्त के समंदर में झोंक दिया है परंतु संतुष्टि फिर भी नहीं मिलेगी क्योंकि यह मार्ग ऐसा है कि इस पथ पर फिसलता ही चला जाता है और अंतिम लम्हों में सादा और सहज जीवन जीने की याद आती है तबतक सब कुछ निकल चुका होता है।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीव की अभूतपूर्व प्रगति की करें तो इस विचारधारा ने अनेक सुख सुविधाओं के साथ दुख़, तकलीफों को भी जन्म दिया है जिसका जीता जागता उदाहरण है वर्तमान जलवायु परिवर्तन से होने वाली विनाशकारी तबाही,जिसके पीड़ित मानव के हृदय में यही बात आती है कि हमने प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है अब प्रकृति हमारे साथ खिलवाड़ कर रही है,और मानसिक विचारधारा सादा जीवन उच्च विचार की ओर लौटने की सोच को रेखांकित करती है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो यह सहज सरल जीवन की कुंजी है। सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता, चेतना आती है। दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं। मानव में दयालुता, सुविचार, मानवता, नम्रता झलकती है ऐसे मानवके समीप विक्कार जैसे द्वेष,अभिमान अहम, अहंकार जैसे अनेक विकारों को भी आने से डर लगता है क्योंकि यह रेखांकित करने वाली बात है कि जहां सादा जीवन रहेगा वहीं उच्च विचारों, गुणवत्ता, चेतना, संतुष्टि का निवास हो जाता है और जीवन सहज, सरलता खुशियों से लबालब हो जाता है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार के अर्थ को समझने की करें तो,सादा जीवन का अर्थहै अपनी सीमित आवश्यकताओं के अनुसार, न कि अपने असीमित लालच के अनुसार। सारा तनाव और तनाव इस सूत्र का पालन न करने का परिणाम है। आध्यात्मिक जीवन सादा जीवन उच्च विचार के अलावा और कुछ नहीं है। भगवत गीता कहती है कि सादा जीवन और उच्च विचार ही आर्थिक समस्याओं का समाधान है।जो व्यक्ति सादा जीवन जीने में विश्वास रखता है, वह न तो अपने लिए और न ही दूसरों के लिए समस्याएँ खड़ी करता है। जो व्यक्ति उच्च विचारों में लीन रहता है, वह वास्तव में निस्वार्थ व्यक्ति बन जाता है। साथियों बात अगर हम सहज, सरल जीवन की करें तो बड़े -बुजुर्गों के मुंह से सुनते आए हैं- जीवन में शांति ज़रूरी है और शांति से रहना अपने हाथ में है। शांति तभी मिल सकती है, जब जीवन सरल हो। कन्फ्यूशियस का कथन है- जीवन बेहद सरल है लेकिन हम उसे जटिल बनाने पर आमादा रहते हैं। भारतीय संस्कृति में तो वैसे भी हमेशा से सादा जीवन उच्च विचारों को अहमियत दी गई है। यूं भी कोई अस्त-व्यस्त, भ्रमित, दुविधाग्रस्त और दबाव में नहीं रहना चाहता। भीड़ चाहे लोगों की हो या वस्तुओं की, इच्छाओं की हो या अपेक्षाओं की, व्यक्ति की एकाग्रता को भंग करती है और उसे जीवन के अधिक महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति उदासीन बनाती है। भीड़ में खुद को गुम होने से बचाने का प्रयास ही सहज-सरल जीवन की कुंजी है।

साथियों बात अगर हम सादगी की करें तो, सादगी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता आती है। जैसे ही उसके भीतर यह चेतना आती है कि जीवन में क्या और क्यों महत्वपूर्ण है, वह इच्छाओं का सही प्रबंधन करने लगता है। इससे दुविधाएं कम होती हैं और दृष्टिकोण में स्पष्टता आती है। समय-समय पर अपनी जरूरतों और इच्छाओं का आकलन करना जरूरी है। कई बार ऐसा भी होता है कि जिस चीज से आज सुविधा महसूस होती है, वही भविष्य में असुविधा का कारण बन जाती है। हो सकता है, बड़ा घर लेना आज किसी की ख्वाहिश हो मगर उम्र बढऩे के साथ यही घर असुविधाजनक हो सकता है क्योंकि वह इसका रखरखाव अच्छी तरह करने में असमर्थ होता है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो, यह कहावत हमें सिखाती है कि हम अपने जीवन को और भी मूल्यवान बना सकते हैं सिर्फ व्यर्थ के धन और सामान आदि चीजों को नजरंदाज करके। ये हमें सच्ची ख़ुशी और आतंरिक संतुष्टि प्रदान करता है।ये यह भी बताता है कि सच्ची ख़ुशी हमारे विचारों में ही होती है ना कि किसी और चीजों में। ये हमें प्रेरित करती है कि हम अपनी जड़ों को पहचाने और किसी भी तरह के समृद्धि पाने वाले कार्य को नजर अंदाज करें। जीवन का सही मूल्य हमारे भौतिकवादी अधिग्रहण में नहीं है, बल्कि यह वह है जिसमें हम सोचते हैं, करते हैं, और प्रतिदिन हम कितने जीवन को छूते हैं।सादा जीवन उच्च विचार यह कहावत हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करती है कि हम अपने जीवन को समृद्ध के बजाय अधिक सार्थक बनायें। यहाँ जीने के साधारण तरीके से मतलब है जीवन जीने का एक सरल और गैर-महंगा मानक। हमें केवल सिर्फ उन चीजों के लिए ही चिंता करनी चाहिए जो हमारे जीवन के लिए बेहद आवश्यक है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सादा जीवन उच्च विचार भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है।सादा जीवन उच्च विचार सहज सरल जीवन की कुंजी है।सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता,चेतना आती है।दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं।

(संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)




**मेष राशिः** आज दिन का अधिकांश भाग सोच विचार में ही व्यर्थ होगा। आपके मन मे योजनाए तो कई लगी रहेंगी लेकिन आलस्य अधिक रहने से किसी भी योजना को साकार रूप नही दे सकेंगे। मध्यान के समय कार्य क्षेत्र पर सहयोगियो की कमी रहेगी ज्यादा काम ना बढ़ाये कम में ही संतोष करें अन्यथा बेवजह की मुसीबत बनेगी। धन लाभ कम फिर भी खर्च लायक हो जाएगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिये संतोषजनक रहेगा। आज आप जल्दी से किसी कार्य को करने के मूड में नही रहेंगे प्रातः काल से ही आराम से काम करने के चक्कर मे दिनचार्य धीमी चलेगी। परिजनों के टोकने पर ही कार्य के प्रति गंभीरता आएगी। काम-धंधा बीते कल की अपेक्षा कम रहेगा आवश्यक कार्य लेदेकर पूर्ण कर लेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से आज दिन आय की तुलना में खर्चीला अधिक रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज दिन भर आपके ऊपर चंचलता हावी रहेगी। परिजनों की किसी भी बात को गंभीर ना लेकर मजाक में उड़ा देंगे इससे घर का माहौल खराब होगा। घरेलू कार्यों में भी टालमटोल करने का प्रयास करेंगे बाद में मन मारकर करना ही पड़ेगा। काम धंदे में ज्यादा ध्यान नही देंगे फलस्वरूप आय भी सीमित ही आवश्यकता अनुसार रहेगी।

**कर्क राशिः** आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक कलह मामूली बात से आरम्भ होकर गंभीर रूप ले सकती है इससे बचने के लिये आज घर मे कम ही समय बिताये। कार्य व्यवसाय में भी आज चाहकर भी मन की योजनाये पूरी नही कर सकेंगें। धन को लेकर भी किसी से कहासुनी सो सकती है। मानसिक दबाव आज कुछ ज्यादा ही रहेगा कोई अनैतिक कदम उठाने से बचे बुजुर्गो के सानिध्य में रहे अथवा आध्यात्म से जुड़े मानसिक रूप से काफी राहत मिलेगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। दिन के आरंभ में थोड़ी सुस्ती रहेगी इसके बाद मस्ती के मूड में रहेंगे परिवार का वातावरण भी आज सहयोगी रहेगा जिससे मन की इच्छा पूर्ण करने में आसानी रहेगी। काम-धंदे के प्रति मध्यान के समय गंभीरता आएगी धन लाभ के लिए ज्यादा मशक्कत नही करनी पड़ेगी सहज रूप से हो जाएगा।

**कन्या राशिः** आज के दिन आपका स्वभाव अत्यंत आलसी रहेगा परन्तु फिर भी जिस भी कार्य को करेंगे उसमे सफलता अवश्य ही मिलेगी। घरेलू कार्यो के साथ ही व्यावसायिक कार्य भी एकसाथ करने में थोड़ी दुविधा बनेगी लेकिन बुजुर्गो का सहयोग मिलने से इससे निजात पा लेंगे। कार्य-व्यवसाय में आज किसी बहुप्रतीक्षित योजना के परिणाम को लेकर बेचैन रहेंगे धर्य से काम लें जल्दबाजी में कोई गलत निर्णय लेने से बचें विजय आपकी ही होगी।

**तुला राशिः** आज के दिन आपका अधिकांश समय दुविधा में बीतेगा। कार्य क्षेत्र और गृहस्थ में तालमेल बैठाने में असफल रहेंगे एक काम करने के लिए किसी अन्य काम के बिगड़ने का डर सताएगा। व्यवसाय की व्यस्तता के चलते परिजनों की कामना पूर्ति करने में असमर्थ रहेंगे घरेलू कलह का कारण भी आज यही रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज के दिन प्रातः काल से ही स्वास्थ्य संबंधित समस्या लगी रहेगी खराब स्वास्थ्य के कारण जल्दी से किसी कार्य का मन नही बनेगा लेकिन सामाजिक व्यवहारों के लिए समय निकालना ही पड़ेगा। कार्य व्यवसाय में अन्य लोगो के ऊपर आश्रित रहना पड़ेगा। धन की आमद आवश्यकता से कुछ कम रहेगी फिर भी कोई कार्य धन के कारण रुकेगा नही। आज अकस्मात खर्च ज्यादा परेशान करेंगे व्यर्थ के खर्चो पर नियंत्रण की आवश्यकता है।

**धनु राशिः** आज का दिन भी प्रसन्नता दायक रहेगा। घर मे धन धान्य की वृद्धि होगी। सुख सुविधा पर आज अधिक खर्च करेंगे। लेकिन आज आप ज्यादा मेहनत करने की अपेक्षा बैठ कर काम करना पसंद करेंगे इससे लाभ तो होगा लेकिन कुछ लोगो की नाराजगी भी सहनी पड़ेगी। पारिवारिक दायित्व बेहतर रूप से निभाने पर बड़े बुजुर्गों के प्रशंशा पात्र बनेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका मतलबी व्यवहार किसी ना किसी से मतभेद बढ़ायेगा। दिन के आरंभ में कार्यो के प्रति लापरवाही दिखाएंगे एकदम सर पर आने पर ही करेंगे। आध्यात्मिक पक्ष आज प्रबल रहेगा परोपकार की भावना भी प्रबल रहेगी धार्मिक क्षेत्र की यात्रा दान पुण्य के अवसर मिलेंगे। स्वभाव में दिखावा अधिक रहेगा सार्वजिनक कार्यो में प्रतिस्पर्धा के कारण सहयोग करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज आपका मानसिक संतुलन बराबर नही रहेगा दो कामो को एक साथ करने के प्रयास में गलती होने की संभावना है। धार्मिक कार्यो में रुचि तो रहेगी लेकिन मन कही और ही भटकने से पूजा पाठ का उद्देश्य सफल नही हो सकेगा। व्यावसायिक गतिविधयां किसी अन्य के कारण धीमी रहेंगी।

**मीन राशिः** आज आपका अभिमानी स्वभाव कुछ ना कुछ गड़बड़ ही कराएगा। स्वयं को अन्य लोगो की तुलना में अधिक बुद्धिमान समझना आपसी संबंधों में खटास लाएगा। लोग स्वार्थवश आपकी खुशामद करेंगे लेकिन पीठ पीछे बुराई करने से नही चूकेंगे। कार्य व्यसाय को लेकर मध्यान तक व्यस्त रहेंगे मेहनत की तुलना में आज लाभ कम ही रहेगा ऊपर से आकस्मिक खर्च लगे रहने से धन संबंधित परेशानियां उभरेंगी।

# बिहार में सत्ता परिवर्तन के आसार

संजय गोस्वामी

बिहार में बदलते घटनाक्रम को देखते हुए अब जिस तरहराष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के संस्थापक उपेंद्र कुशवाहा को एक बार फिर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित इस अधिवेशन में उन्हें वर्ष 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए पुनर्निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा गया। बाद में एमएलसी के चुनाव निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बने उपेंद्र कुशवाहा, बेटे के सियासी भविष्य पर सवाल बरकरार राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा अपनी पार्टी के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी ने इसे अपने पहले संगठनात्मक चुनावों की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा साल 2023 में अस्तित्व में आई थी। गठन के बाद से ही यह भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा रही है। बिहार में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी आरएलएम के फिलहाल चार विधायक हैं। वहीं उपेंद्र कुशवाहा



राज्यसभा सांसद हैं, जबकि उनके बेटे दीपक प्रकाश बिहार की एनडीए सरकार में मंत्री हैं। खास बात यह है कि दीपक प्रकाश न तो विधान परिषद और न ही विधानसभा के सदस्य हैं, लेकिन हाल ही में एमएलसी चुनाव में उनके पुत्र का नाम नहीं होने से अब उनके मंत्री बनने पर प्रश्नचिन्ह लग गया, कहा जा रहा है कि बीजेपी ने अपने पार्टी में विलय होने का ऑफर मिला लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया क्योंकि पार्टिओ में छोटा या बड़ा नहीं देखा जाता है जनाधार देखा जाता है और उनकी पार्टी छोटी जरूर है लेकिन जनाधार मजबूत है क्योंकि वो काम से आज भी पहचाने जाते हैं और बिहार में कुशवाहा का अच्छा जनाधार है जिसमें कुर्मी भी शामिल है और जब सरकार के बनने बिगड़ने में भविष्य में सत्ता में बने रहने के लिए यही छोटी पार्टियों का सहारा लेना पड़ेगा जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे तो इन छोटी पार्टी का अस्तित्व था जो अपने हिसाब से निर्णय लेती थी और केंद्र और राज्य दोनों में एनडीए की भागीदारी होती थी अब इसके बाद बिहार में लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास का नम्बर आने वाला है इसलिए आजकल चिराग पासवान जो हर दिन मोदीजी का गुणगान करते थे अब वो भी कुछ नहीं बोल रहें हैं इधर भाजपा में सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने से पूर्व उपमुख्य मंत्री व वर्तमान में कृषि मंत्री रहें विजय सिन्हा का खेमा में काफी नाराजगी है क्योंकि ऐ सब आज से नहीं बहुत पहले से बीजेपी में ही रहें हैं और सम्राट चौधरी तो 3-4 साल पहले आए होंगे जानकारों के अनुसार नीतीश कुमार ने इसी शर्त पर मुख्यमंत्री पद छोड़ा कि अगर सम्राट चौधरी बनते हैं तो हम हट जायेंगे इसके बड़े मायने हैं एक तो नीतीश कुमार,उन्हें मुख्यमंत्री बनवाकर बीजेपी के पढ़े लिखे कार्यकर्ता की नाराजगी और दूसरा वो नए हैं और नीतीश के इशारे पर कुछ जरूर सुनेंगे और यही हुआ कि अनंत सिंह को जेल से छूड़वाया और दूसरा किसी को लाठी डंडा खिलवाना हो तो वो भी हुआ शिक्षकों पर और अब तो ऐ हो गया है कि पाटलिपुत्रा स्टेशन पर ट्रेन लेट होने से नाराज छात्रों का पुलिस से काफी झड़प हुई और कई पुलिसवाले घायल हो गए जब जब सत्ता परिवर्तन का समय आता है तो ऐ सब देखने कों मिलता है बिहार में चुनाव परिणाम के बाद जब बीजेपी कों यह लगा की अपना मुख्यमंत्री बनाया जाए तो यह भी डर था कि कहीं नीतीश कुमार बिना बीजेपी के सरकार न बना लें इसलिए 2024 के बिधान सभा चुनाव के बाद जो सरकार बनाने की परिस्थिति थी उसमें बीजेपी बहुमत के आंकड़ो के साथ सरकार बनाने की स्थति ने नहीं थी क्योंकि उसके 89 विधायक थे सरकार बनाने हेतु 122 का नम्बर चाहिए था जिसमें जेडी यू के पास 85 विधायक हैं 19 चिराग पासवान के और हम के 5 और उपेंद्र कुशवाहा के 4 विधायक थे यानि कुल 28 की संख्या थी 89 में 28 जोड़ने से 117 विधायक थे सिर्फ 5 विधायक तो चाहिए था जिसमें बसपा का एक आई आई सी का भी 1-1सीट है 1निर्दलीय और 3 तो हो गया बाकी तो बहुमत साबित के समय एआईएमआईएम के 5 विधायक उपस्थित ही नहीं होते तो सरकार तो बीजेपी की बन ही जाती इसलिए एआईएमआईएम के प्रमुख ओबैसी को डर लगने लगा और चुनाव परिणाम के बाद नीतीश कुमार को सीएम के लेकर अब बिहार में बीजेपी के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर खतरा मंडरा रहा है बिहार ने एनडीए के घटक दल लोजपा और हम ख़ामोशी से ये पता चल रहा है कि एक बार फिर कहीं बीजेपी से नीतीश कुमार ने पलटी मारी और बिहार के मुख्यमंत्री बनाने के मूड अब विपक्षी पार्टियों में भी आपसी सहमति दिख रही है क्योंकि नीतीश कुमार अभी राज्य सभा के सांसद ही हैं केंद्र में क़ोई भूमिका मिलती नहीं दिख रही है दूसरी ओर बिहार में एनडीए के अन्य घटक दलों में विलय के डर का माहौल भी है क्योंकि जब जेडीयू एक मजबूत पार्टियों में नहीं होगी तो छोटी मोटी पार्टियों कों भी टूटने की चिंता है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# फीफा विश्व कप 2026: ईरान और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मुकाबला बराबरी पर समाप्त

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स**



फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी के पहले मुकाबले में मंगलवार को ईरान और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मुकाबला 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। पूरे मैच में दोनों टीमों ने तेज और आक्रामक खेल दिखाया और अंतिम क्षण तक जीत के लिए संघर्ष किया।

न्यूजीलैंड ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए सातवें मिनट में ए. जस्ट के गोल की मदद से बढ़त बना ली। शुरुआती झटके के बाद ईरान ने खेल में वापसी की और 32वें मिनट में आर. रेजाइयान ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी।

दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड ने फिर दबाव बनाया और 54वें मिनट में ए. जस्ट ने अपना दूसरा गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। हालांकि ईरान ने हार नहीं मानी और 64वें मिनट में एम. मोहैबी ने गोल कर मुकाबले को फिर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली और मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस परिणाम के बाद ग्रुप-जी पूरी तरह खुला हुआ नजर आ रहा है। शुरुआती दौर के बाद ईरान, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और मिस्र सभी समान अंकों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## फीफा विश्व कप में स्वीडन से 5-1 की हार के बाद ट्यूनीशिया ने कोच बदला, एर्वे रेनार्ड को सौंपी कमान

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स**



ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ ने फीफा विश्व कप में स्वीडन के खिलाफ 5-1 की करारी हार के बाद मुख्य कोच सबरी लामूशी को पद से हटा दिया है। उनकी जगह फ्रांस के अनुभवी कोच एर्वे रेनार्ड को राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस फैसले की आधिकारिक घोषणा सोमवार को ट्यूनीशिया के राष्ट्रीय प्रसारण माध्यम के जरिए की गई। ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मोएज़ नस्सारी ने बताया कि एर्वे रेनार्ड के साथ आधिकारिक समझौता हो गया है और वह वर्ष 2026 विश्व कप के अंत तक टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। रेनार्ड अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपने अनुभव और बड़े टूर्नामेंटों में शानदार रणनीति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2022 के विश्व कप में सऊदी अरब को प्रशिक्षित करते हुए उस समय की सबसे बड़ी उलटफेर वाली जीत दिलाई थी, जब उनकी टीम ने बाद में विश्व विजेता बनी अर्जेंटीना को हराया था। इसके बाद वह फ्रांस की महिला फुटबॉल टीम के कोच भी रहे। पूर्व फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सबरी लामूशी ने इसी वर्ष जनवरी में ट्यूनीशिया टीम की कमान संभाली थी, लेकिन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद उनका कार्यकाल जल्द समाप्त हो गया।

स्वीडन के खिलाफ भारी हार के बाद अब ट्यूनीशिया के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। टीम अपना अगला मुकाबला शनिवार को ग्रुप-एफ में जापान के खिलाफ खेलेगी।

## वैभव की श्रीलंकाई खिलाड़ी से झड़प का कारण अब सामने आया

**एजेंसी, कोलंबो**



श्रीलंका में खेली जा रही ए टीम की त्रिकोणीय सीरीज में भारत ए टीम के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंका ए टीम के खिलाड़ी के बीच हुई झड़प का कारण अब सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो भी आया है। इसमें वैभव और श्रीलंकाई खिलाड़ी एक दूसरे का धक्का देते हुए दिख रहे हैं। कोलंबो में हुए इस मुकाबले में और श्रीलंका ए को सुपर ओवर में जीत मिली थी। मैच समाप्त होते ही मैदान पर तनाव का माहौल बन गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीलंकाई ए टीम के खिलाड़ी विशन हलंबागे ने भारतीय बल्लेबाज वैभव को उकसाते हुए कहा, मैच समाप्त हो गया अब तुम घर जाओ। इसपर वैभव भड़क गये और उनकी श्रीलंकाई खिलाड़ी से बहस हो गयी। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की शुरू हो गई, जिसके कारण अन्य खिलाड़ियों और अंपायरों को हस्तक्षेप करना पड़ा। यह घटना उस मैच के बाद हुई जब श्रीलंका ए ने बेहद करीबी मुकाबले में सुपर ओवर के ज़रिए भारत ए को हराया था। हालांकि, सुपर ओवर कम रोशनी में खेला गया था, जिस पर बाद में सवाल भी उठे। इस पूरे मामले पर श्रीलंकाई ए टीम के ड्रेसिंग रूम में भी काफी चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि ड्रेसिंग रूम में कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि टीम को भारतीय टीम से माफी मांगनी चाहिए। इसके पीछे एक वजह यह भी थी कि सुपर ओवर कम रोशनी में खेला गया था।

## शरणार्थी शिविर से फीफा विश्वकप तक पहुंचे नेस्टोरी

**एजेंसी, मियामी।** फीफा विश्वकप फुटबॉल में इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले ही मुकाबले में जीत दिलाने वालो खिलाड़ी नेस्टोरी इरानकुंडा हीरो बनकर उभरे हैं। तुर्किये के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 27वें मिनट में शानदार गोल दागकर उन्होंने न केवल अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, बल्कि 20 वर्ष और 125 दिन की उम्र में विश्व कप में गोल करने वाले सबसे युवा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनने की भी उपलब्धि अपने नाम की है। नेस्टोरी का यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। तंजानिया के एक शरणार्थी शिविर में जन्मे नेस्टोरी के माता-पिता को बुरुंडी में गृहयुद्ध के कारण अपना देश छोड़ना पड़ा था और शरण लेने के लिए तंजानिया पहुंचना पड़ा था। इसी दौरान नेस्टोरी का जन्म हुआ। बचपन में ही उनका परिवार ऑस्ट्रेलिया चला आया, जिसने उनकी जिंदगी को एक नया मोड़ दिया। यहीं पर नेस्टोरी ने फुटबॉल खेलना शुरु किया और धीरे-धीरे अपनी असाधारण प्रतिभा से सबका ध्यान खींचा। एडिलेड यूनाइटेड के लिए खेलते हुए उन्होंने घरेलू फुटबॉल में अपनी पहचान बनाई, अपनी गति, तकनीक और आक्रामक खेल से ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में शामिल हो गये।

## श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज : चोटिल युधवीर सिंह की जगह अशोक शर्मा भारत 'ए' टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत 'ए' टीम में तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को शामिल किया है। वह चोटिल युधवीर सिंह की जगह टीम का हिस्सा होंगे। बीसीसीआई के अनुसार, युधवीर सिंह को 13 जून को गेंदबाजी के दौरान दाएं कंधे में असहजता महसूस हुई थी। इससे पहले 11 जून को फील्डिंग सत्र के दौरान भी उन्हें इसी तरह की परेशानी हुई थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने विशेषज्ञों से परामर्श के बाद जांच की और पाया कि युधवीर को दाएं कंधे के रोटेटर कफ में चोट है। चिकित्सकीय सलाह के अनुसार अब उन्हें पूर्ण रूप से फिट होने के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की निगरानी में चरणबद्ध पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना होगा। युधवीर की अनुपस्थिति में अब अशोक शर्मा को टीम में शामिल किया गया है और वह आगामी मुकाबलों में भारत 'ए' टीम का हिस्सा होंगे। श्रीलंका त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत 'ए' टीम (संशोधित) तिलक वर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान),प्रियांश आर्या, वैभव सूर्यवंशी, आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, अंशुल कंबोज, अरशद खान, अनुकूल रॉय, अशोक शर्मा।

# बिजनेस

## विश्व के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट्स की सूची में अडाणी समूह के दो हवाई अड्डे शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की एयरपोर्ट संचालक कंपनी अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) को प्रतिष्ठित 'प्रिक्स वर्साय' आर्किटेक्चर और डिजाइन अवॉर्ड्स में ग्लोबल पहचान मिली है। अडाणी समूह की ओर से संचालित देश के दो हवाई अड्डों को विश्व के सबसे खूबसूरत हवाईअड्डे की सूची में शामिल किया गया है। कंपनी के मुताबिक अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) और गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एलजीबीआईए) के टर्मिनल 2 को 'प्रिक्स वर्साय' की 'दुनिया के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट्स' की 2026 की सूची में शामिल किया गया है। एएएचएल ने कहा कि यह सम्मान अगली पीढ़ी के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को आकार देने में एएएचएल के बढ़ते प्रभाव को उजागर करता है, जिसमें अत्याधुनिक डिजाइन, सस्टेनेबिलिटी और यात्रियों पर केंद्रित इनोवेशन पर खास ध्यान दिया गया है। 'प्रिक्स वर्साय' वास्तुकला और डिजाइन के क्षेत्र में दिया जाने वाला सालाना वैश्विक पुरस्कार है, जिसे वर्ष 2015 से हर साल पेरिस स्थित यूनेस्को के मुख्यालय में प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार नए शुरू हुए एयरपोर्ट और टर्मिनल को उनके आधुनिक निर्माण के लिए सम्मानित करता है, जो खास आर्किटेक्चर का अनूठा संगम दिखाते हैं। ये दिखाते हैं कि कैसे एयरपोर्ट पारंपरिक डिज़ाइन से आगे बढ़कर दुनिया की एक बेहतर और अधिक सामंजस्यपूर्ण तस्वीर पेश कर रहे हैं। कंपनी के मुताबिक नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 को कमल से प्रेरित खास आर्किटेक्चर, भविष्यवादी डिजाइन और टेक्नोलॉजी, कला एव कार्यक्षमता के बेहतरीन तालमेल के लिए पहचाना गया है। इसने एक ऐसा वर्ल्ड-क्लास गेटवे बनाया है, जो एक आधुनिक ग्लोबल इकोनॉमी के तौर पर भारत की आकांक्षाओं को दर्शाता है। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 का आर्किटेक्चर 'बैम्बू ऑर्किड' की बायोफिलिक सुंदरता से प्रेरित है। यह एक बहुत ही उपयोगी और सस्टेनेबल ढांचे के ज़रिए इस क्षेत्र की समृद्ध जैव-विविधता का सम्मान करता है। 'प्रिक्स वर्साय' सूची में शामिल अन्य एयरपोर्ट में ग्वांगझू (चीन), फ्रैंकफर्ट एम मेन (जर्मनी), कंडल स्टुएंग (कंबोडिया), पिट्सबर्ग (अमेरिका) और सैन डिएगो (अमेरिका) शामिल हैं। 'प्रिक्स वर्साय' अवॉर्ड्स का मकसद समझदारी भरी सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देना है, जहां संस्कृति पर्यावरण की अवधारणा को आगे बढ़ाती है और उससे भी आगे जाती है। हर साल दिए जाने वाले पुरस्कारों के तहत 2026 की सूची में शामिल तीन एयरपोर्ट या एयरपोर्ट टर्मिनल को 'वर्ल्ड टाइटल' (प्रिक्स वर्साय, इंटीरियर या एक्सटीरियर) भी मिलेगा, जो साल के आखिर में दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अक्टूबर, 2025 को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के पहले चरण का भव्य उद्घाटन किया था। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत विकसित 19,650 करोड़ रुपये की लागत से बना नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण भारत का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट है।

### ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशिया में भी खरीदारी का जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता होने की खबर की वजह से ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी और ईरान के बीच समझौता होने के बाद बने उत्साह के माहौल में अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 468.77 अंक यानी 0.92 प्रतिशत बढ़ कर 51,671.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 122.83 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,554.29 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 795.10 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की छलांग लगा कर 26,683.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,699 के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी ने लगाई छलांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 2,270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 2,120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। भाव में आई तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मजबूती आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,65,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## केंद्र ने भारत और खाड़ी देशों के बीच गहरे समुद्र में एनर्जी पाइपलाइन से जुड़ी खबरों को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने मंगलवार को उन मीडिया रिपोर्टों को ख़ारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि वह गुजरात को ओमान और अन्य खाड़ी देशों से जोड़ने वाली गहरे समुद्र में ऊर्जा पाइपलाइन पर काम कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि उसने ऐसी कई मीडिया रिपोर्टें देखी हैं, जिनमें कहा गया है कि भारत सरकार गहरे समुद्र में ऊर्जा पाइपलाइन बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रही है, जिसे कभी-कभी 'मिडिल ईस्ट-इंडिया डीपवॉटर पाइपलाइन' (एमईआईडीपी) कहा जाता है और यह पाइपलाइन गुजरात को ओमान और अन्य खाड़ी देशों से जोड़ेगी। मंत्रालय ने साफ तौर पर कहा कि इस समय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इस प्रोजेक्ट को लेकर ओमान या किसी अन्य खाड़ी देश के साथ मंत्रालय के किसी भी स्तर पर कोई सक्रिय चर्चा या बातचीत नहीं हो रही है। मंत्रालय ने बयान में कहा, कि यह स्पष्टीकरण इस मामले से जुड़ी सभी अटकलों को खत्म करने के लिए जारी किया गया है। पेटोलियम मंत्रालय ने कहा कि एलएनजी जहाज दिशा सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जहाज 62,370 टन द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर आ रहा है। ये जहाज गुजरात राज्य के भरूच जिले में खंभात की खाड़ी के तट पर स्थित प्रमुख औद्योगिक और बंदरगाह शहर दहेज के लिए एलएनजी लेकर जा रहा है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बनी रही, लेकिन बाद में खरीदारों ने बढ़त बना ली। पहले डेढ़ घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती डेढ़ घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड, श्रीराम फाइनेंस, एचडीएफसी लाइफ, आयशर मोटर्स और इंटर ग्लोब एविएशन के शेयर 0.19 प्रतिशत से लेकर 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एनटीपीसी, बजाज ऑटो, ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 0.08 प्रतिशत से लेकर 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 3,041 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,294 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 747 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

## केंद्र सरकार ने डीजल, एटीएफ निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया, नई दरें लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**




पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (विंडफॉल टैक्स) बढ़ा दिया है, जबकि पेट्रोल पर मौजूदा कर को बरकरार रखा है। शुल्क में यह बढ़ोतरी 16 जून से लागू हो गई है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार देर रात एक अधिसूचना में बताया कि 16 जून से डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13.50 रुपये से बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 9.50 रुपये से बढ़ाकर 12.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। हालांकि, पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली शुल्क दर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह 1.50 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। अधिसूचना में कहा गया है कि शुल्क में बढ़ोतरी 16 जून से लागू होगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने घरेलू ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अधिसूचना के अनुसार ये दरें घरेलू बिक्री पर लागू नहीं होंगी। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र तेल एवं गैस विपणन कंपनियों के नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका को किये जाने वाले निर्यात पर भी ये दरें लागू नहीं होंगी। पिछली बार 01 जून को इनमें बदलाव किए गए थे। उस समय पेट्रोल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त शुल्क 1.50 रुपये प्रति लीटर डीजल पर तीन रुपये और एटीएफ पर 6.50 रुपये घटाये गए थे।

फिल्म

# मन पिशाच के बाद एक और एआई फिल्म लेकर आए राही अनिल बर्वे, जारी हुआ वन-विदिशा का ट्रेलर

फिल्ममेकर राही अनिल बर्वे की पिछली फिल्म मायासभा और मन-पिशाच का दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब अनिल ने अपनी एक और एआई बेस्ड फिल्म वन-विदिशा की झलक सोशल मीडिया के जरिए दी है। मन-पिशाच की तरह ही यह फिल्म भी जीरो बजट में बनी है। बर्वे ने इस एआई फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया। ट्रेलर के मुताबिक यह किसी जंगल में पनपते रहस्य की कहानी है। इसमें एक राजा है, एक अप्सरा है और एक मसखरा भी है। इन सब के साथ एक लड़की भी है जिसे दोबारा जीवित किया गया है। ट्रेलर किसी जंगल में रहने वाली लोककथा या कहानी पर आधारित लग रही है। किरदारों के कपड़ो के डिजाइन से भी ऐसा लग रहा है। पूरे ट्रेलर की बात करें तो यह फिल्म प्रकृति और लोक कथा का मेल मालूम होती है। अनिल राही बर्वे ने बहुत कम बजट में फिल्म 'तुम्बाड़का निर्माण किया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। फिल्म में हॉरर भी अच्छी तरह दिखाया गया था। इसके बाद उन्होंने हाल ही में एक्सपेरिमेंटल फिल्म मन पिशाच बनाई और उसे यूट्यूब पर रिलीज किया। इस फिल्म का टोटल बजट सिर्फ 33 हजार था। 80 मिनट की यह फिल्म उन्होंने घर पर बैठे-बैठे कंप्यूटर पर ही बना दी थी। फिल्म मे दो किरदार थे यानिया भारद्वाज और दीपक दामले। हॉरर बेस्ड इस एआई फिल्म की दर्शकों ने खूब तारीफ की थी। हाल ही में मेकर्स ने तुम्बाड के रीमेक तुम्बाड 2 की घोषणा की है। इस फिल्म को पहले पार्ट की तरह सोहम शाह ही प्रोड्यूस कर रहे हैं पर इसे अनिल डायरेक्ट नहीं करेंगे। इस बार मेकर्स ने फिल्म के निर्देशन के लिए आदेश प्रसाद को चुना है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आएंगे। अनिल ने फिल्म का पहला पार्ट डायरेक्ट किया था। बीते दिनों एक इंटरव्यू में उन्होंने इसके सेकंड पार्ट को डायरेक्ट करने का मौका ना मिलने पर अफसोस भी जताया था।





# वेदांग रैना की नई फिल्म में आया बड़ा मोड़

## नाओमिका सरन के साथ प्रगति श्रीवास्तव भी निभाएंगी अहम रोल

बॉलीवुड में इन दिनों नई जोडिय़ों और नई कहानियों को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी बीच अभिनेता वेदांग रैना की आने वाली फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। अब तक चर्चा थी कि इस फिल्म में वेदांग के साथ नाओमिका सरन नजर आएंगी, लेकिन अब खबर है कि फिल्म में एक और अभिनेत्री प्रगति श्रीवास्तव की भी एंट्री हो गई है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म रोमांस, कॉमेडी और रहस्य से भरपूर होगी और इसकी कहानी में दोनों अभिनेत्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जानकारी के मुताबिक, फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स कर रहा है। वहीं निर्देशन की जिम्मेदारी जगदीप सिद्धू पर हैं। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इसमें एक दिलचस्प प्रेम कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें कई रोमांचक मोड़ होंगे। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, प्रगति श्रीवास्तव का किरदार फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बताया जा रहा है कि फिल्म में वेदांग रैना के किरदार की जिंदगी में दो अलग-अलग प्रेम संबंध देखने को मिलेंगे। एक ओर नाओमिका सरन का किरदार होगा और दूसरी ओर प्रगति श्रीवास्तव का। ऐसे में फिल्म की कहानी को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। सूत्र ने बताया कि फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है। केवल कुछ दिनों का काम बाकी है। इसके बाद निर्माण कार्य और अन्य तैयारियां पूरी की जाएंगी। माना जा रहा है कि फिल्म को साल 2026 के आखिर तक सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। प्रगति श्रीवास्तव की बात करें तो इससे पहले उन्होंने साउथ फिल्मों में काम किया है और धीरे-धीरे हिंदी फिल्म जगत में भी अपनी पहचान बना रही हैं। वह पहले प्रकाश झा की जनादेश और आनंद एल राय की नखरेवाली में काम कर चुकी हैं। अब इस नई फिल्म के जरिए वह बड़े स्तर पर दर्शकों के सामने आएंगी। दूसरी ओर, नाओमिका सरन भी लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। वह हिंदी फिल्म जगत के बेहद चर्चित परिवार से ताल्लुक रखती हैं। नाओमिका, हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार माने जाने वाले राजेश खन्ना और मशहूर अभिनेत्री डिंपल कपाडिय़ा की नातिन हैं। उनकी मां रिंकी खन्ना भी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। ऐसे में नाओमिका की फिल्मी शुरुआत को लेकर पहले से ही काफी चर्चा बनी हुई है। वहीं वेदांग रैना भी अपने करियर के महत्वपूर्ण दौर में हैं। उनकी एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म मैं वारस आऊंगा जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ शरवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और दिलजीत दोसांझ जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे।



# श्रीनिवास मंगपुरम में अभिनेता मोहन बाबू का फर्स्ट लुक जारी

डायरेक्टर अजय भूपति की नई फ़िल्म, श्रीनिवास मंगपुरम, अपने फ़र्स्ट लुक पोस्टर्स की वजह से काफ़ी चर्चा में है। इस फ़िल्म से सुपरस्टार कृष्णा के पोते और महेश बाबू के भतीजे, जया कृष्णा घटामनेनी डेब्यू कर रहे हैं। उनके साथ रवीना टंडन की बेटी, राशा थडानी भी तेलुगू फ़िल्मों में अपना डेब्यू कर रही हैं। फ़िल्म बनाने वालों ने अब मोहन बाबू का एक ज़बरदस्त फ़र्स्ट लुक जारी किया है, जिसमें वे वेंकटप्पय्या नायडू के किरदार में नज़र आ रहे हैं। वे एक गाँव के ताक़तवर मुखिया बने हैं। उनके सफ़ेद-काले बाल, घनी मूँछें और सादा सफ़ेद कुर्ता-धोती वाला पहनावा उनकी ज़बरदस्त धाक को दिखाता है; वहीं, उनके ठंडे और सख़्त हाव-भाव से लगता है कि उनके अंदर कहीं कोई दबी हुई आग सुलग रही है। यह पोस्टर एक शानदार, दबंग और दमदार फर्स्ट लुक पेश करता है, जो उस इंसान के सार को पूरी तरह से दिखाता है जो अपने इलाके पर पक्के इरादे के साथ राज करता है। मोहन बाबू पहले ही टीम में शामिल हो चुके हैं, और फ़िलहाल शूटिंग चल रही है। इस फ़िल्म की टेक्निकल टीम बहुत मज़बूत है; जीवी प्रकाश कुमार ने इसका म्यूज़िक तैयार किया है और जयकृष्ण आईएससी ने इसकी सिनेमैटोग्राफ़ी संभाली है।

# कंगना और इम्तियाज की फिल्म को हॉन्टेड 3डी ने पछाड़ा, 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई पेद्दी



सिनेमाघरों में शुक्रवार को मैं वापस आऊंगा, भारत भाग्य विधाता और गर्वनर जैसी फिल्में रिलीज हुई हैं। पहले दिन फिल्मों ने कुछ खास कमाल नहीं किया। दूसरे दिन इन फिल्मों को वीकएंड का फायदा मिला और इनकी कमाई में मामूली बढ़त देखने को मिली है। खास बात यह है कि 12 जून को ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी भी रिलीज हुई। यह फिल्म इन तीनों फिल्मों पर भारी पड़ रही है। वहीं पेद्दी ने 10 दिनों में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।
इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। शनिवार को इस फिल्म को वीकएंड का फायदा मिलता नहीं दिख रहा है। दूसरे दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर 1.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ओपनिंग डे पर इसने 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसका टोटल कलेक्शन तीन करोड़ रुपये हो गया है। बंटवारे के दर्द को दिखाती इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी वाघ ने अदाकारी की है। कंगना रनौत की अदाकारी वाली फिल्म भारत भाग्य विधाता भी सिनेमाघरों में 12 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की शुरुआत धीमी रही। वीकएंड पर इसकी कमाई में मामूली बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को इसने 1.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ओपनिंग डे पर इसने सिर्फ एक करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसका टोटल कलेक्शन 2.45 करोड़ रुपये हो गया है। मनोज बाजपेयी की अदाकारी वाली फिल्म गवर्नर की रिलीज को दो दिन हो चुके। दूसरे दिन इसने 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ओपनिंग डे पर इसने बॉक्स ऑफिस पर 90 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। इसका कुल कलेक्शन 2.05 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म 1991 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर बनी है। इसके निर्देशक चिन्मय मांडलेकर हैं। 12 जून को'भारत भाग्य विधाता, 'मैं वापस आऊंगा और गवर्नर रिलीज हुई। इन्हीं फिल्मों के साथ सिनेमाघरों में 'हॉन्टेड 3डी रिलीज हुई। इसने तीनों फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर पीछे छोड़ दिया है। पहले दिन इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं दूसरे दिन इस फिल्म की कमाई 3.25 करोड़ रुपये रही। दो दिनों में फिल्म का कलेक्शन 5.75 करोड़ रुपये हो गया है। इस तरह से इस फिल्म ने तीनों फिल्मों से ज्यादा कमाई की है। राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी वाली फिल्म पेद्दी ने दसवें दिन भी अच्छा कलेक्शन किया है। शनिवार को इसने 8.10 करोड़ रुपये की कमाई की है। शुक्रवार को इसने 5.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसका टोटल कलेक्शन 206.80 करोड़ रुपये हो गया है।

# अवतार : फायर एंड ऐश की ओटीटी रिलीज डेट हुई कंफर्म

## 24 जून से डिज्नी+ पर देख सकेंगे जेम्स कैमरून की फिल्म



जेम्स कैमरून की साइंस फिक्शन फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश 19 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की. वहीं, दर्शक लंबे समय से इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फाइनली अब ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है. चलिए यहां जानते हैं ये फिल्म किस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कब और कहां रिलीज होगी? अवतारः फायर एंड ऐश फाइनली अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है. मेकर्स ने ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ को इस फिल्म के राइटर्स बेच दिए हैं. फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है. इस फिल्म को आप 24 जून, 2026 से डिज्नी+ पर स्ट्रीम कर सकते हैं. मेकर्स ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, अवतारः फायर एंड ऐश सिर्फ डिज्नी + पर 24 जून को स्ट्रीम करें. ये फिल्म पैंडोरा की दुनिया में चल रहे संघर्ष को एक नए स्तर पर ले जाती है. इस बार इंसानों और नावी के बीच का टकराव और भी गहरा और खतरनाक हो गया है. कहानी में कुछ नए कबीले और किरदार भी जोड़े गए हैं. फिल्म में विजुअल्स के साथ-साथ इमोशनल एंगल पर भी काफी काम किया गया है, जो दर्शकों को फिल्म से जोड़े रखता है. कास्ट की बात करें तो इस फिल्म में सैम वर्थिंगटन, जो साल्डाना, सिगर्नी वीवर और स्टीफन लैंग जैसे सितारे नजर आए. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, अवतारः फायर एंड ऐश ने दुनियाभर में करीब 13,915 करोड़ रुपये का कारोबार किया था. वहीं, इस फिल्म का बजट लगभग 3,200 करोड़ रुपये है.

# वजन घटाने के लिए रस्सी कूदते समय न करें ये गलतियां, नहीं नजर आएंगे परिणाम

रस्सी कूदना एक असरदार एक्सरसाइज है, जो वजन घटाने में मदद कर सकता है। हालांकि, कई लोग इसे सही तरीके से नहीं करते, जिससे उन्हें मनचाहे नतीजे नहीं मिल पाते। इस लेख में हम कुछ आम गलतियों पर चर्चा करेंगे, जो लोग रस्सी कूदते समय करते हैं और यह भी जानेंगे कि इनसे कैसे बचा जा सकता है। ये ध्यान देने वाली बातें जानकर आप अपनी एक्सरसाइज को अधिक असरदार बना सकते हैं और जल्दी वजन घटा सकते हैं।





रस्सी कूदते समय सही लंबाई का चयन करना बहुत जरूरी है। अगर रस्सी बहुत लंबी होती है तो इसे घुमाना मुश्किल हो जाता है और इससे कूदने में परेशानी होती है। वहीं, अगर रस्सी बहुत छोटी होती है तो इसके साथ तालमेल बिठाना मुश्किल हो सकता है। अपनी ऊंचाई के अनुसार सही लंबाई की रस्सी चुनें, ताकि आप आराम से कूद सकें और एक्सरसाइज का पूरा लाभ भी उठा सकें। रस्सी का प्रकार भी बहुत अहम होता है। प्लास्टिक की रस्सी फिसलन भरी होती हैं, जिससे चोट लगने का खतरा रहता है। वहीं, मोटी रस्सी भी सही नहीं रहती, क्योंकि इससे कूदना मुश्किल हो जाता है। बेहतर होगा कि आप हल्की और मजबूत रस्सी का चयन करें, जो आसानी से घूम सके और फिसले नहीं। इसके अलावा रस्सी की पकड़ पर भी ध्यान दें, ताकि हाथों से फिसले नहीं और आप आराम से कूद सकें। रस्सी कूदते समय गति बनाए रखना बहुत जरूरी है। अगर आप बहुत तेजी से कूदते हैं तो इससे थकान जल्दी हो सकती है और एक्सरसाइज का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। वहीं, अगर धीमी गति से कूदते हैं तो इससे कूदने का मजा कम हो जाता है और परिणाम भी संतोषजनक नहीं मिल पाते। सही गति बनाए रखें, ताकि आप आराम से कूद सकें और एक्सरसाइज का पूरा फायदा उठा सकें। रस्सी कूदते समय सही तरीका अपनाना आपको फायदे दे सकता है। हाथों को ज्यादा ऊपर-नीचे न करें, बल्कि कूदते समय केवल कंधों तक ही हाथों को उठाएं। इसके अलावा पैरों को भी ज्यादा ऊपर उठाने की जरूरत नहीं होती, बस जमीन से हल्का-सा ही उठाएं, ताकि रस्सी आसानी से नीचे आ सके। इससे न केवल आपकी एक्सरसाइज अधिक असरदार बनेगी, बल्कि चोट लगने का खतरा भी कम होगा और आप बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। कई लोग तैयारी और समापन करना भूल जाते हैं, जो कि बहुत बड़ी गलती है। तैयारी करने से शरीर तैयार होता है और चोट लगने का खतरा कम होता है। वहीं, समापन करने से शरीर धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाता है। रस्सी कूदने से पहले और बाद में तैयारी और समापन जरूर करें, ताकि आपकी एक्सरसाइज सुरक्षित और असरदार रहे। इन बातों का ध्यान रखकर आप रस्सी कूदने का सही तरीका अपना सकते हैं।

# टीवी इंडस्ट्री में सफलता रातोंरात नहीं मिलती धैर्य और लगातार मेहनत ही असली चाबी है



टीवी इंडस्ट्री की चमक-दमक के पीछे की सच्चाई को लेकर अभिनेत्री अद्रिजा रॉय ने अपने विचार रखे। अद्रिजा रॉय ने कहा, टीवी इंडस्ट्री में काम की गति बहुत तेज होती है। कई बार ऐसा होता है कि आज किसी एपिसोड की शूटिंग होती है और वह अगले ही दिन या बहुत कम समय में टीवी पर प्रसारित हो जाता है। इस तेज रफ्तार में कलाकारों को हर समय तैयार रहना पड़ता है और अपने किरदार को पूरी एनर्जी के साथ निभाना होता है। हर कॉल टाइम पर, हर शूटिंग शेड्यूल में बहुत बड़ी प्रोडक्शन टीम काम करती है, और कलाकार को इन सबके बीच संतुलन बनाए रखना होता है। ऐसे माहौल में शांत और फोकस्ड रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में किया गया काम कई बार असर को कम कर सकता है। उन्होंने कहा, टीवी इंडस्ट्री में सफलता तुरंत नहीं मिलती। कई लोग सोचते हैं कि एक अच्छा सीन या एक अच्छा प्रदर्शन उन्हें रातोंरात पहचान दिला देगा, लेकिन वास्तविकता अलग है। टीवी में नाम कमाने के लिए लगातार समय देना पड़ता है। एक-दो अच्छे सीन से लोकप्रियता मिल सकती है, लेकिन स्थायी सफलता की चाबी को लगातार मेहनत और धैर्य ही है। सोशल मीडिया पर भले ही कोई कलाकार जल्दी वायरल हो जाए, लेकिन टीवी इंडस्ट्री में पहचान धीरे-धीरे बनती है और समय के साथ मजबूत होती है। अद्रिजा रॉय ने लोकप्रियता और सफलता के बीच फर्क को समझाते हुए कहा, लोकप्रियता अक्सर अस्थायी होती है, जो किसी वायरल सीन, चर्चा या सोशल मीडिया ट्रेंड से जल्दी मिल सकती है। यह लंबे समय तक नहीं टिकती। दूसरी ओर सफलता एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें लगातार काम करना, अपने अभिनय को बेहतर बनाना और हर किरदार में सुधार लाना जरूरी होता है। जो लोग इस इंडस्ट्री में स्थायी रूप से सफल होना चाहते हैं, उन्हें समझना होगा कि सिर्फ चर्चा में रहना काफी नहीं है, बल्कि अपने काम में निरंतरता बनाए रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा, धैर्य मेरे लिए एक सोचने का तरीका बन गया है। धैर्य ने मुझे अपने काम के प्रति ज्यादा गंभीर और शांत बनाया है। अब मैं हर सीन को जल्दीबाजी में नहीं करती, बल्कि उसे समझकर और समय देकर निभाने की कोशिश करती हूं।

# Delhi Tughlaqabad building fire

## 7-year-old roped in for arson bid that killed 3; cops probe monetary dispute

**New Delhi, Agency :** The fire that tore through a five-storey residential building in southeast Delhi's Tughlaqabad Extension early Friday, killing three members of a family and injuring five others, was not an accident or caused by a short circuit, but a deliberate act of arson, allegedly over a monetary dispute with one of the tenants of the building, police probe has revealed.

Three people - Sarita (27), and two brothers, Niranjan (33) and Rajkumar (27) - have been arrested while a minor girl, aged 17, has been apprehended.\

The blaze broke out at 2.24am on June 12 in Street No. 1, Madhyam Marg. The victims included Pankaj Pandey (28), his sister Soni (20) and their maternal grandmother Sushila Devi (70). Deepak, the tenant whose scooter was the target of the arson plot, was away in Agra. However, his wife Mumtaz was admitted to the ICU at Safdarjung hospital while his two sisters-in-law, Seema (16) and Kareena (18),were admitted to AIIMS.

Initially, police registered a case under BNS sections related to negligent handling of fire and causing death by negligence. However, the direction of the probe changed after investigators examined CCTV footage and spotted a girl entering the premises shortly before the fire erupted. It led them to identify and apprehend a teenager from Govindpuri, who said she had been asked by Sarita to set fire to a scooter belonging to Deepak, a bike taxi driver who resided on the building's fifth floor.

Sarita allegedly provided the minor with petrol and a matchbox and asked her to



target the two-wheeler. Police suspect she conducted a recce of the area for around a week, identifying both the building and Deepak's scooter beforehand.

On the day of the incident, she allegedly took the minor on her scooty to a spot near the building, showed her the vehicle and handed over petrol and matches. After the scooter was set ablaze, the two fled.

Police sources said CCTV cameras captured the woman and the minor travelling on the scooter before and after the incident. The girl was also captured entering the building at 2.22am. Investigators traced the vehicle through its registration number, which led them to the suspects.

During questioning, Sarita claimed she had acted at the behest of Niranjan and Rajkumar, who are Deepak's cousins. She alleged Deepak had borrowed Rs 40,000-Rs 50,000 from her but failed to return the money despite repeated demands over the past few months. Police sources said she was allegedly involved in a relationship with one of the brothers and had asked him to persuade Deepak to repay the amount. When the money was not returned, she allegedly conspired to have Deepak's scooter set ablaze.

Cops are verifying Sarita's claims about the loan and also probing if she threatened Deepak that she would set his scooter ablaze if he failed to return it.

Speaking to Media, Deepak's brother alleged the motive went beyond a monetary dispute. "Deepak had advised our cousin against getting involved with Sarita as he was married and had three children, which is why she plotted to take revenge," he claimed, adding, "Now he is being questioned while his wife is battling for her life in the ICU."

On the day of the incident, Deepak told Media he had narrowly escaped as he was not in the city. He had recounted how he had guided his wife Mumtaz to safety over the phone as the blaze spread. Mumtaz, however, went back inside in an attempt to rescue her two sisters and later their pet cat.

Following the findings, police have added sections related to criminal conspiracy, culpable homicide, attempt to commit culpable homicide, mischief by fire and lurking house-trespass by night under the Bharatiya Nyaya Sanhita. Sarita, Niranjan and Rajkumar have been remanded in two-day police custody.

## Delhi wakes up to steady rain as IMD forecasts wet spell across northwest India till June 19

**New Delhi, Agency :** The city witnessed steady rainfall on Monday morning, following forecasts issued by the India Meteorological Department (IMD) and weather experts who had predicted wet weather conditions across northwest India under the influence of an active western disturbance.

The rain, accompanied by cloudy skies and lower temperatures, brought relief from the heat. Authorities are continuing to monitor the situation as forecasts indicate further light to moderate rainfall across the region.

IMD scientist Naresh Kumar, on Saturday, said weather conditions across



northwest India are likely to ease gradually as the western disturbance currently located over North Haryana moves forward.

The region has received substantial rainfall along with strong winds over the past few days. However, meteorologists expect rainfall activity to ease slightly across northwest India in the coming days.

Explaining the weather pattern, Naresh Kumar said, "Over the past few days, northwest India, including Delhi, has experienced moderate to heavy rainfall due to the influence of a western disturbance combined with moisture-laden winds from the Bay of Bengal and the Arabian Sea...This confluence has led to significant rainfall in regions like Himachal Pradesh and Uttarakhand, with wind speeds reaching up to 60-70 km/h."

Regarding the alert status, he noted, "Currently, the western disturbance is positioned over North Haryana, and while the rainfall intensity is expected to decrease, light to moderate rainfall is still anticipated across northwest India. We have issued a yellow alert for Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, Uttarakhand, Punjab, and Haryana, with expected strong winds in Rajasthan .

## Fire breaks out at private hospital in southwest Delhi, no casualties

**New Delhi, Agency :** Around 10-15 patients were evacuated after a fire broke out in the electric meter of a private hospital on Sunday night in southwest Delhi's Dabri.

According to the police, a PCR call was received around 10.27 pm at the Sagarpur police station about the fire at the kidney hospital. Simultaneously, a call was also received by the Delhi Fire Service (DFS). Four fire tenders with around 24 fire personnel and around 15 police officers rushed to the spot along with PCR vans and CATS ambulance teams.

Upon reaching the spot, officials discovered that the fire had already been extinguisned by the hospital staff using fire extinguishers. The patients who were present in the hospital at the time of the incident were evacuated by the hospital administra-



tion along with assistance from security guards - some of whom were deployed on the rear side of the hospital and had rushed towards the front - and locals. Residents had also reportedly broken open a lock on the rear gate using a hammer to facilitate quick evacuation.

Preliminary inquiry revealed that the blaze had broken out due to a short circuit in the electricity meter and panel, police said. Fire officials added that the junction box was located on the ground floor of the five-storey building. Due to the electric source of the fire, BSES officials also reached the spot.

## Delhi Police invokes anti-organised crime law against alleged Irani Gang kingpin

**New Delhi, Agency :** In a major crackdown on organised crime, Delhi Police's Central District has invoked the stringent provisions of the Maharashtra Control of Organised Crime Act (MCOCA) against an alleged crime syndicate headed by Nasir Hafiz Khan, alias Irani and Sameer, who is accused of involvement in robbery, cheating and other serious offences across multiple states.

The action follows an investigation into a robbery case registered at DBG Road police station in 2025. During the probe, police allegedly uncovered an organised criminal network headed by Khan that was involved in a series of offences committed for pecuniary gain and unlawful advantage.

According to police, Khan, a native of Mumbai and an alleged key operative of the notorious Irani Gang, has a criminal history spanning around 38 cases across Delhi, Maharashtra, Rajasthan, Uttar Pradesh and Haryana. Investigators said he had previously been booked under MCOCA by Mumbai Police and remained in judicial custody until August 2024.

Police alleged that after his release, Khan resumed criminal activities and, along with his associates, carried out a robbery of Rs 18.84 lakh in the DBG Road area on October 23, 2025. During his subsequent abscondence, he




allegedly travelled to Maharashtra and Rajasthan, where he was booked in multiple cheating cases involving the theft of gold jewellery and ornaments.

Officials said that in Nagpur, he was allegedly involved in two cheating cases in November 2025 involving gold ornaments and jewellery. Another case was registered against him in Ajmer, Rajasthan, where he allegedly cheated a senior citizen woman of approximately 10 tolas of gold worth around Rs 40 lakh.

Wanted in several criminal cases, Khan was arrested by a team from DBG Road police station on January 3, 2026, following what police described as an extensive investigation involving the examination of thousands of CCTV footage clips, technical surveillance and field intelligence.

At his instance, police recovered five mobile phones, internet dongles, a car allegedly purchased using proceeds of crime, the bag used in the robbery and other incriminating documents linked to the offences.

## Delhi gets relief from heat as IMD issues red alert for thunderstorms, lightning

**New Delhi, Agency :** Delhi woke up to light showers on Monday morning, bringing some respite from the prevailing heat even as the India Meteorological Department (IMD) warned of more intense weather through the day, issuing red and orange alerts for thunderstorms and lightning across large parts of the national capital.

Rain was recorded at several weather stations, though in modest amounts. Palam received 1.3 mm of rainfall, while



Ayanagar recorded 0.6 mm. Lodhi Road reported only a trace of rain.

Despite the showers, minimum temperatures remained above normal in many parts of the city. According to the IMD, the Safdarjung observatory, Delhi's primary weather station, recorded a minimum temperature of 28.2°C, which was 0.7 degrees above normal for this time of year.

Other parts of the city reported comparatively lower temperatures. Palam recorded a minimum temperature of 25.4°C, while Lodhi Road and Ridge registered 26°C and 25.5°C respectively. Ayanagar recorded a minimum temperature of 26.6°C.

The weather office said light to moderate rain and thunderstorms accompanied by lightning are very likely in several parts of Delhi.

## Delhi Traffic cop dies after being hit near Kashmere Gate

**New Delhi, Agency :** A Delhi Traffic Police head constable was killed while on duty after being struck by a scooter and subsequently run over by a goods carrier near ISBT Kashmere Gate in North Delhi on Saturday, the police said.

The deceased has been identified as Head Constable Anil, 39, who was deployed on traffic management duty on Ring Road near ISBT Kashmere Gate.

According to the police, the accident occurred on the carriageway from Shanti Van towards Chandgi Ram Akhara. Anil was regulating traffic when a scooter carrying



three persons allegedly hit him from the Hanuman Mandir side.

The impact threw the officer onto the road, where a goods carrier passing through the stretch ran over him, causing grievous injuries. He was rushed to Sushrut Trauma Centre in Civil Lines in critical condition but succumbed to his injuries despite doctors' efforts.

The police said the scooter rider has been apprehended and further investigation into the incident is underway.

The death of the traffic officer has cast a shadow over the force, highlighting the risks faced by personnel while performing duties on some of the capital's busiest roads. Anil was residing in rented accommodation in Chhatarpur while serving in Delhi. His family lives in Jatganwara village in the Behror area of Rajasthan's Kotputli district.